(आयोग की वेबसाइट (https://ssc.gov.in) पर दिनांक 29.09.2025 को अपलोड करने हेतु)

| | |
|---|---|
| भारत सरकार,<br>कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन मंत्रालय,<br>कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग,<br>कर्मचारी चयन आयोग,<br>ब्लॉक स॰ 12, केन्द्रीय कार्यालय परिसर,<br>लोधी रोड, नई दिल्ली - 110003 | Government of India,<br>Min.of Personnel, Public Grievances & Pensions,<br>Dept. of Training and Personnel,<br>Staff Selection Commission<br>Block No. 12, CGO Complex,<br>Lodhi Road, New Delhi - 110003 |

# विज्ञप्ति

## दिल्ली पुलिस में प्रधान सिपाही (लिपिकीय) परीक्षा, 2025

| | |
|---|---|
| ऑनलाइन आवेदन के प्रस्तुतीकरण की तिथियां | 29.09.2025 से 20.10.2025 |
| ऑनलाईन आवेदनों की प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय | 20.10.2025 (23:00 बजे) |
| ऑनलाइन शुल्क भुगतान करने की अंतिम तिथि एवं समय | 21.10.2025 (23:00 बजे) |
| 'आवेदन पत्र में संशोधन करने हेतु विंडो' और संशोधन हेतु सुधार शुल्क के ऑनलाईन भुगतान की तिथियां | 27.10.2025 से 29.10.2025 (23:00 बजे) |
| कंप्यूटर आधारित परीक्षा का कार्यक्रम | दिसंबर, 2025/ जनवरी, 2026 |
| ऑनलाइन आवेदन फॉर्म भरने में कोई कठिनाई होने के मामले में काल किए जाने हेतु टोल फ्री नंबर | 180 030 930 63 |

**"सरकार एक ऐसा कार्यबल बनाने का प्रयास करती है जिसमें लिंग संतुलन प्रतिबिम्बित हो तथा महिला अभ्यर्थियों को आवेदन करने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है"**

**फा.सं. HQ-C-3016/1/2025-C-3:** दिल्ली पुलिस की भर्ती योजना/स्थायी आदेश तथा दिल्ली पुलिस और कर्मचारी चयन आयोग के बीच हस्ताक्षरित समझौता ज्ञापन के अनुसार कर्मचारी चयन आयोग दिल्ली पुलिस में प्रधान सिपाही (लिपिकीय) की भर्ती हेतु खुली प्रतियोगी परीक्षा का आयोजन करेगा। देश के

सभी भागों से अभ्यर्थी आवेदन करने के पात्र होंगे। दिल्ली पुलिस के स्थायी आदेश के अनुसार इस भर्ती की प्रमुख विशेषताएं निम्नानुसार हैं:-

1.1 इस परीक्षा की विज्ञप्ति दिल्ली पुलिस द्वारा पुनरीक्षण के बाद कर्मचारी चयन आयोग द्वारा अपनी वेबसाइट अर्थात **https://ssc.gov.in** पर अधिसूचित की जाएगी। इस संबंध में एक नोटिस/लिंक दिल्ली पुलिस की वेबसाईट अर्थात www.delhipolice.gov.in पर भी उपलब्ध कराया जाएगा।

1.2 दिल्ली पुलिस में प्रधान सिपाही (लिपिकीय) की भर्ती के लिए ऊर्ध्वाधर एवं क्षैतिज रिक्तियों की सूचना दिल्ली पुलिस द्वारा कर्मचारी चयन आयोग को दी जाएगी।

1.3 कर्मचारी चयन आयोग द्वारा आवेदन केवल ऑनलाईन माध्यम के जरिए ही स्वीकार किए जाएंगे।

1.4 कर्मचारी चयन आयोग विभिन्न राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों से आवेदनों की संख्या के आधार पर 'कंप्यूटर आधारित परीक्षा' (सीबीई) माध्यम में अखिल भारतीय आधार पर परीक्षा आयोजित करेगा। कंप्यूटर आधारित परीक्षा केवल अंग्रेजी और हिंदी में आयोजित की जाएगी।

1.5 कंप्यूटर आधारित परीक्षा के लिए प्रवेश प्रमाण पत्र कर्मचारी चयन आयोग की वेबसाइट (अर्थात्, https://ssc.gov.in) पर अपलोड किए जाएंगे और प्रवेश पत्र / प्रवेश प्रमाण पत्र के बारे में जानकारी से संबंधित एक 'नोटिस' दिल्ली पुलिस की वेबसाइट पर उपलब्ध कराया जाएगा।

1.6 कंप्यूटर आधारित परीक्षा का परिणाम तथा अंतिम परिणाम आयोग द्वारा अपने वेबसाईट पर घोषित किया जाएगा।

1.7 प्रत्येक श्रेणी में रिक्तियों की संख्या के बीस (20) गुणा के बराबर कंप्यूटर आधारित परीक्षा की मेरिट की सीमा के भीतर आने वाले अभ्यर्थियों को शारीरिक क्षमता एवं मापदंड परीक्षा (पीईऐंडएमटी) में उपस्थित होने के लिए शॉर्टलिस्ट किया जाएगा।

1.8 शारीरिक क्षमता एवं मापदंड परीक्षा (पीईऐंडएमटी) दिल्ली पुलिस द्वारा केवल दिल्ली में आयोजित की जाएगी। पीईऐंडएमटी में शामिल होने के लिए चुने गए अभ्यर्थियों के प्रवेश प्रमाण पत्र दिल्ली पुलिस द्वारा अपनी वेबसाइट (अर्थात www.delhipolice.nic.in) पर अपलोड किए जाएँगे। अभ्यर्थियों को पीईऐंडएमटी /दस्तावेज़ सत्यापन (डीवी) के संचालन के लिए दिल्ली पुलिस द्वारा दिए गए निर्देशों का पालन करना होगा।

1.9 पीईएंडएमटी तथा कौशल/ट्रेड टेस्ट के आयोजन के बाद, दिल्ली पुलिस पीईएंडएमटी तथा कौशल/ट्रेड टेस्ट के परिणाम एसएससी को आगे की प्रक्रिया और परिणाम की घोषणा के लिए उपलब्ध कराएगी।

1.10 अभ्यर्थियों से दस्तावेजों का संग्रह, उनका सत्यापन और विस्तृत चिकित्सा परीक्षा (डीएमई) दिल्ली पुलिस द्वारा की जाएगी।

1.11 शारीरिक क्षमता एवं मापदंड परीक्षा (पीईऐंडएमटी)और आवश्यक कौशल/ट्रेड परीक्षाओं में अर्हक घोषित अभ्यर्थियों की सूची में से अनंतिम रूप से चयनित अभ्यर्थियों की अंतिम सूची पद के लिए निर्धारित परीक्षणों/ परीक्षाओं के सिर्फ मेरिट के आधार पर आयोग द्वारा तैयार एवं घोषित की जाएगी और इसकी आधिकारिक वेबसाइट परअपलोड की जाएगी। 15% अभ्यर्थियों (श्रेणी-वार) की एक "रिजर्व पैनल / अतिरिक्त सूची" भी कर्मचारी चयन आयोग द्वारा उनकी योग्यता; श्रेणी-वार के अनुसारअधिसूचित रिक्तियों के अनुसार चयनित अभ्यर्थियों की संख्या के अलावा तैयार की जाएगी और वही दिल्ली पुलिस को सीलबंद लिफाफे में उपलब्ध कराया जाएगा, जिसे अपलोड नहीं किया जाएगा। 'रिजर्व पैनल' का संचालन और रखरखाव दिल्ली पुलिस द्वारा अपने स्थायी आदेश संख्या HRD/08/2022 के प्रावधानों के अनुसार किया जाएगा। आयोग 'रिजर्व पैनल/अतिरिक्त सूची' के रखरखाव के संबंध में किसी भी शिकायत/आवेदन पर विचार नहीं करेगा।

1.12 परीक्षा-विज्ञप्ति (भौतिक मानकों, चिकित्सा मानकों, आयु, आरक्षण आदि से संबंधित भर्ती नियमों से संबंधित नीतिगत मुद्दों को छोड़कर), ऑनलाइन आवेदनों, कंप्यूटर आधारित परीक्षा आयोजित करने और मेरिट सूची तैयार करने से संबंधित आरटीआई/ लोक शिकायतों पर कर्मचारी चयन आयोग द्वारा कार्रवाई की जाएगी जबकि भर्ती नियमों, स्थायी आदेशों और किसी भी परीक्षा / परीक्षा से संबंधित अन्य आरटीआई / लोक शिकायतें (जैसे पीईऐंडएमटी, चिकित्सा परीक्षा, कौशल परीक्षा/ ट्रेड टेस्ट आदि) पर दिल्ली पुलिस द्वारा कार्रवाई की जाएगी।

1.13 ऑनलाइन आवेदन, कंप्यूटर आधारित परीक्षा के आयोजन, पीईएंडएमटी या कर्मचारी चयन आयोग द्वारा आयोजित किसी भी परीक्षा में उपस्थित होने के लिए अभ्यर्थियों की शॉर्ट-लिस्टिंग और दिल्ली में अभ्यर्थियों द्वारा दायर अनंतिम रूप से चयनित अभ्यर्थियों के अंतिम परिणाम की तैयारी से संबंधित अदालती मामलों पर दिल्ली पुलिस द्वारा कार्रवाई की जाएगी। अन्य क्षेत्रों/दिल्ली के बाहर के ऐसे अदालती मामलों पर कार्रवाई कर्मचारी चयन आयोग द्वारा की जाएगी।

1.14 अन्य सभी मुद्दों जैसे परीक्षा की योजना, रिक्तियों, शारीरिक क्षमता एवं मापदंड परीक्षा (पीईऐंडएमटी), अभ्यर्थियों से दस्तावेजों का संग्रह और उनके सत्यापन, या दिल्ली पुलिस द्वारा

आयोजित किसी भी परीक्षा, विस्तृत चिकित्सा परीक्षा (डीएमई), समीक्षा चिकित्सा परीक्षा (आरएमई) से संबंधित अदालती मामले/आरटीआई/लोक शिकायतों पर दिल्ली पुलिस द्वारा कार्रवाई की जाएगी।

1.15 गलत सत्यापित डेटा या पीईऐंडएमटी/ मेडिकल फिटनेस स्थिति में परिवर्तन के कारण मेरिट/चयन सूची/रिजर्व सूची में परिवर्तन (समावेश/ निकालना) के संबंध में किसी भी अभ्यावेदन पर दिल्ली पुलिस द्वारा कार्रवाई की जाएगी।

1.16 मेरिट/ चयन सूची/ रिजर्व सूची में से किसी भी अभ्यर्थी के गलत समावेश/निकालने के कारण परिणाम में किसी भी परिवर्तन के मामले में, संशोधित परिणाम कर्मचारी चयन आयोग द्वारा जारी किया जाएगा।

1.17 कंप्यूटर आधारित परीक्षा के आयोजन के दौरान किसी भी कदाचार या प्रतिरूपण आदि में लिप्त पाए जाने वाले अभ्यर्थियों की अभ्यर्थिता को रद्द करने की प्रक्रिया पर कर्मचारी चयन आयोग द्वारा कार्रवाई की जाएगी।

1.18 दिल्ली पुलिस द्वारा आयोजित पीईऐंडएमटीया कंप्यूटर पर टाईपिंग टेस्ट और कंप्यूटर (फॉर्मेटिंग) टेस्ट के दौरान किसी भी कदाचार या प्रतिरूपण आदि में लिप्त पाए जाने वाले अभ्यर्थियों के मामलों पर दिल्ली पुलिस द्वारा कार्रवाई की जाएगी।

**2.** **<u>वेतनमान:</u>** वेतन स्तर-4 (25500-81100 रुपए) (समूह 'ग')

**3.** **रिक्तियाँ** : संभावित रिक्तियों का ब्योरा निम्नानुसार है :-

**<u>प्रधान सिपाही (लिपिकीय)-पुरुष</u>**

| क्र.सं | श्रेणी | अना. | आकव | अपिव | अजा | अजजा | **योग** |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | खुली | 151 | 31 | 67 | 40 | 06 | **295** |
| 2 | भू.पू.सै. | 17 | 03 | 10 | 09 | 07 | **46** |
| **योग** | | **168** | **34** | **77** | **49** | **13** | **341** |

खुली श्रेणी की 295 रिक्तियों में से 07 रिक्तियां दिव्यांग व्यक्तियों (पीडब्ल्यूडी) के लिए आरक्षित है {(40% और उससे अधिक की गति विषयक दिव्यांगता (या तो एक या दोनों पैर प्रभावित)}। उनका पद सिविलियन प्रकृति का होगा और वे दिल्ली पुलिस की वर्दी नहीं पहनेंगे। पद के लिए आवेदन करते समय इस तरह का दिव्यांगता प्रमाण पत्र रखने वाले अभ्यर्थियों पर विचार किया जाएगा।

**<u>प्रधान सिपाही (लिपिकीय)-महिला</u>**

| क्र.सं | श्रेणी | अना. | आकव | अपिव | अजा | अजजा | योग |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | खुली | 82 | 17 | 38 | 24 | 07 | **168** |
| **योग** | | **82** | **17** | **38** | **24** | **07** | **168** |

खुली श्रेणी की 168 रिक्तियों में से 04 रिक्तियां दिव्यांग व्यक्तियों (पीडब्ल्यूडी) के लिए आरक्षित है {(40% और उससे अधिक की गति विषयक दिव्यांगता (या तो एक या दोनों पैर प्रभावित)}। उनका पद सिविलियन प्रकृति का होगा और वे दिल्ली पुलिस की वर्दी नहीं पहनेंगे। पद के लिए आवेदन करते समय इस तरह का दिव्यांगता प्रमाण पत्र रखने वाले अभ्यर्थियों पर विचार किया जाएगा।

***नोट:*** *रिक्तियों की संख्या अनंतिम है और इसमें परिवर्तन हो सकता है। आयोग रिक्तियों को रिपोर्ट के अनुसार प्रकाशित करता है और कुल रिक्तियों के निर्धारण, विभिन्न आरक्षित श्रेणियों के अंतर्गत रिक्तियों के पृथक्करण आदि में इसकी कोई भूमिका नहीं है।*

3.1 अनुसूचित जाति/ अनुसूचित जनजाति/ अन्य पिछड़ा वर्ग /ईडब्ल्यूएस की रिक्तियां दिल्ली पुलिस द्वारा समय-समय पर जारी भारत सरकार के निर्देशों/ नियमों के अनुसार पद आधारित रोस्टर के आधार पर निर्धारित की जाती हैं।

3.2 दिल्ली पुलिस ने बताया है कि भारत सरकार के निर्देशों के अनुसार 10% रिक्तियां भूतपूर्व सैनिकों (ईएसएम) के लिए आरक्षित हैं। केंद्रीय अर्धसैनिक बलों के कार्मिक भूतपूर्व सैनिक श्रेणी के तहत आवेदन करने के पात्र नहीं हैं।

3.3 आयोग दिल्ली पुलिस द्वारा रिपोर्ट की गई रिक्तियों के अनुसार अभ्यर्थियों का चयन करेगा। दिल्ली पुलिस की रिक्तियों की संख्या तय करने में आयोग की कोई भूमिका नहीं है। आरक्षण नीति का कार्यान्वयन, आरक्षण रोस्टर बनाए रखना और विभिन्न श्रेणियों के लिए रिक्तियों का निर्धारण दिल्ली पुलिस के अधिकार क्षेत्र में आता है।

**4. <u>राष्ट्रीयता/ नागरिकता</u>: अभ्यर्थी को भारत का नागरिक अवश्य होना चाहिए।**

**5. आयु सीमाः 01.07.2025 को 18 से 25 वर्ष (अर्थात अभ्यर्थी का जन्म 02-07-2000 से पहले और 01-07-2007 के बाद न हुआ हो)। उपर्युक्त निर्धारित ऊपरी आयु सीमा में सिर्फ निम्नलिखित मामलों में छूट दी जाएगी:-**

5.1 यदि कोई अभ्यर्थी अनुसूचित जाति या अनुसूचित जनजाति वर्ग का है तो अधिकतम 5 वर्ष तक।

| कोड सं. | श्रेणी | ऊपरी आयु सीमा से परे आयु में |
|---|---|---|

| | | अनुज्ञेय छूट / ऊपरी आयु सीमा |
|---|---|---|
| 01 | अजा/ अजजा | 05 वर्ष |
| 02 | अपिव | 03 वर्ष |
| 03 | शा.दि (अनारक्षित) | 10 वर्ष |
| 04 | शा.दि (अपिव) | 13 वर्ष |
| 05 | शा.दि (अजा/ अजजा) | 15 वर्ष |
| 06 | भूतपूर्व सैनिक (भू.पू.सै.) | ऑनलाईन आवेदन प्राप्ति की अंतिम तिथि को वास्तविक आयु में से की गई सैन्य सेवा की अवधि घटाने के बाद 03 वर्ष |
| 08 | विशेष योग्यता प्राप्त खिलाड़ी जिन्होंने रिक्तियों के प्रकाशन की तिथि से तीन वर्ष पूर्व की अवधि के दौरान खेलों में राष्ट्रीय स्तर पर राज्य का प्रतिनिधित्व किया है या अंतरराष्ट्रीय स्तर पर देश का प्रतिनिधित्व किया है (अजा/अजजा को छोडकर)। | 05 वर्ष |
| 09 | विशेष योग्यता प्राप्त खिलाड़ी जिन्होंने रिक्तियों के प्रकाशन की तिथि से तीन वर्ष पूर्व की अवधि के दौरान खेलों में राष्ट्रीय स्तर पर राज्य का प्रतिनिधित्व किया है या अंतरराष्ट्रीय स्तर पर देश का प्रतिनिधित्व किया है (अजा/अजजा)। | 10 वर्ष |
| 10 | दिल्ली पुलिस के विभागीय अभ्यर्थी (अनारक्षित/ईडब्ल्यूएस) जिन्होंने अंतिम तिथि तक कम से कम 3 वर्ष की नियमित और निरंतर सेवा प्रदान की हो। | 40 वर्ष तक |
| 11 | दिल्ली पुलिस (अपिव) के विभागीय अभ्यर्थी जिन्होंने अंतिम तिथि तक कम से कम 3 वर्ष की नियमित और निरंतर सेवा प्रदान की हो। | 43 वर्ष तक |
| 12 | दिल्ली पुलिस (अजा/अजजा) के विभागीय उम्मीदवार जिन्होंने अंतिम तिथि तक कम से कम 3 वर्ष की नियमित और निरंतर सेवा प्रदान की हो। | 45 वर्ष तक |
| 13 | विधवाएं/ तलाकशुदा महिलाएं तथा अपने पति से न्यायिक रूप से अलग हुई महिलाएं जिन्होंने पुनः विवाह न किया हो (अना./इडब्ल्यूएस)। | 35 वर्ष तक |
| 14 | विधवाएं/ तलाकशुदा महिलाएं तथा अपने पति | 38 वर्ष तक |

| | | |
|---|---|---|
| | से न्यायिकरूप से अलग हुई महिलाएं जिन्होंने पुनः विवाह न किया हो (अपिव)। | |
| 15 | विधवाएं/ तलाकशुदा महिलाएं तथा अपने पति से न्यायिक रूप से अलग हुई महिलाएं जिन्होंने पुनः विवाह न किया हो (अजा/अजजा) | 40 वर्ष तक |

**नोट 1:** अपिव श्रेणी के तहत लाभ का दावा करने वाले अभ्यर्थी केंद्रीय सूची में अधिसूचित जातियों के अनुसार होंगे। यह छूट उन अभ्यर्थियों के लिए भी स्वीकार्य होगी जिन्हें राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार द्वारा अपिव प्रमाण पत्र जारी किया गया है। प्रमाण पत्र इस उद्देश्य के लिए अधिकृत सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी निर्धारित प्रारूप में होना चाहिए। कोई अन्य प्रमाण पत्र पर्याप्त प्रमाण के रूप में स्वीकार नहीं किया जाएगा।

**नोट 2:** अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए आरक्षण लाभ चाहने वाले अभ्यर्थियों को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि वे पात्रता के अनुसार इस तरह के आरक्षण के हकदार हैं। **<u>अनुबंध-'घ' और 'ङ'</u>** के रूप में संलग्न प्रारूप के अनुसार पीई एंड एमटी के समय उनके दावे के समर्थन में निर्धारित प्रारूप में प्रमाण पत्र भी उनके पास होना चाहिए।

**नोट 3:** आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (ईडब्ल्यूएस) के लिए आरक्षण लाभ चाहने वाले अभ्यर्थियों को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि वे पात्रता के अनुसार इस तरह के आरक्षण के हकदार हैं। **<u>अनुबंध-'च'</u>** के रूप में संलग्न प्रारूप के अनुसार ऑनलाइन आवेदन प्रस्तुत करते समय उनके दावे के समर्थन में निर्धारित प्रारूप में प्रमाण पत्र भी उनके पास होना चाहिए।

**नोट 4:** बेंचमार्क दिव्यांग व्यक्तियों (पीडब्ल्यूडी) के लिए आरक्षण लाभ चाहने वाले अभ्यर्थियों को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि वे पात्रता के अनुसार इस तरह के आरक्षण के हकदार हैं। पीई एंड एमटी के समय उनके पास अपने दावे के समर्थन में सक्षम प्राधिकारी/चिकित्सा बोर्ड द्वारा जारी निर्धारित प्रारूप में प्रमाण पत्र भी होने चाहिए। ऊपरी आयु सीमा में छूट अनारक्षित वर्ग के लिए 35 वर्ष, अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए 38 वर्ष, और बेंचमार्क दिव्यांगता (पीडब्ल्यूबीडी) वाले अभ्यर्थियों के लिए 40 वर्ष और अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के लिए 40% या उससे अधिक की लोकोमोटर दिव्यांगता [या तो एक पैर (ओएल) या दोनों पैर (बीएल) प्रभावित] वाले अभ्यर्थियों को ही अनुमति दी जाएगी।

**नोट 5:** ऑनलाइन आवेदन पत्र में अभ्यर्थी द्वारा भरी गई जन्म तिथि वही हो जो मैट्रिक/माध्यमिक परीक्षा प्रमाण पत्र में दर्ज की गई हो और उसी जन्म-तिथि को आयोग द्वारा आयु निर्धारित करने के लिए स्वीकार किया जाएगा और बाद में परिवर्तन के किसी भी अनुरोध पर विचार या अनुमति नहीं दी जाएगी।

**नोट 6:** आयु सीमा में छूट (कोड 08 और 09) उन विशिष्ट पुरुष/महिला खिलाड़ियों को मिलेगी जिन्होंने रिक्तियों के विज्ञापन की तिथि से पिछले तीन वर्षों के दौरान राष्ट्रीय स्तर पर किसी राज्य या

अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर देश का खेलों में प्रतिनिधित्व किया हो। जिस खेल के लिए छूट उपलब्ध है उसका उल्लेख **अनुबंध 'क'** में दिया गया है। खेल प्रमाणपत्र **अनुबंध 'ख'** और **'ग'** में संलग्न प्रोफार्मा में जारी किया जाएगा, जिसमें अभ्यर्थी की तस्वीर राज्य/राष्ट्रीय खेल महासंघ के सचिव द्वारा विधिवत सत्यापित होगी।

**नोट 7:** **"विभागीय अभ्यर्थी"** का अर्थ है वह व्यक्ति जिसने दिल्ली पुलिस में न्यूनतम तीन वर्ष की नियमित और निरंतर सेवा की हो और जो अन्यथा सभी शैक्षणिक और अन्य शारीरिक योग्यताएं पूरी करता हो।

**6.** <u>दिल्ली पुलिस के पुलिस कर्मियों / मल्टी-टास्किंग स्टाफ के आश्रितों के लिए छूट:</u>

**6.1** सेवारत, सेवानिवृत, या दिवंगत दिल्ली पुलिस कर्मियों/ दिल्ली पुलिस के मल्टी-टास्किंग स्टाफ के पुत्रों/पुत्रियों, जो शारीरिक मानक संबंधी सामान्य शर्तों को पूरा नहीं करते हैं**,** उनके मामले में निम्नलिखित छूट स्वीकार्य हैं**:-**

1. ऊंचाई (पुरुष /महिला) : 5 सेंटीमीटर की छूट
2. सीना ( केवल पुरुष) : 5 सेंटीमीटर की छूट

**6.2** यह छूट केवल उन दिल्ली पुलिस कर्मियों /मल्टी-टास्किंग स्टाफ के पुत्रों/ पुत्रियों को ही दी जाएगी, जिन्हें दंड के रूप में बर्खास्तगी/ निष्कासन/ पद से हटाने या अनिवार्य सेवानिवृत्ति की सजा नहीं दी गई है।

**नोट 1:** दिल्ली पुलिस के अनुसूचित जाति/ अनुसूचित जनजाति/ अन्य पिछड़ा वर्ग/ पहाड़ी क्षेत्र श्रेणी के पुलिस कर्मियों और मल्टी-टास्किंग स्टाफ के आश्रित दोहरी छूट पाने के पात्र नहीं होंगे। वे या तो अपनी श्रेणी में या दिल्ली पुलिस के पुलिस कर्मियों और मल्टी-टास्किंग स्टाफ के आश्रित (वार्ड) के रूप में छूट का लाभ उठा सकते हैं।

**नोट 2:** इस श्रेणी के अभ्यर्थियों को केवल उस संबंधित जिला/यूनिटों के उप पुलिस आयुक्त / अपर उप पुलिस आयुक्त/ सहायक पुलिस आयुक्त / मुख्यालय [पुलिस मुख्यालय स्टाफ के मामले में उप पुलिस आयुक्त / मुख्यालय या सहायक पुलिस आयुक्त / सीआर (पुलिस मुख्यालय)], जहां पुलिस कर्मी की अंतिम तैनाती थी, द्वारा संबंधित सेवा रिकार्ड के सत्यापन के पश्चात जारी **<u>अनुबंध-'छ '</u>**के अनुसार निर्धारित प्रारूप में प्रमाणपत्र प्रस्तुत करने पर अनंतिम रूप से

परीक्षा देने की अनुमति दी जा सकती है। यह प्रमाण पत्र शारीरिक माप परीक्षण के समय प्रस्तुत करना आवश्यक होगा।

7. **<u>भूतपूर्व सैनिक की परिभाषा</u>**: भारत सरकार, कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन मंत्रालय, कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग, नई दिल्ली के दिनांक 14-04-1987 के कार्यालय ज्ञापन संख्या 36034/5/85-स्था. (एससीटी) में यथा-परिभाषित भूतपूर्व सैनिक की परिभाषा निम्नानुसार है:

"एक भूतपूर्व सैनिक" का अभिप्राय उस व्यक्ति से है, जिसने भारतीय संघ की नियमित सेना, नौ सेना और वायु सेना में एक लड़ाकू या गैर-लड़ाकू के रूप में किसी भी रैंक में सेवा की है और

i) जो अपनी पेंशन अर्जित करने के बाद ऐसी सेवा से सेवा निवृत्त हुआ/हुई है ; या

ii) जिनकी सेवा निवृत्ति पंजिका में भूतपूर्व सैनिक के रूप में पृष्ठांकन है ;या

iii) जिसे चिकित्सा आधार पर अथवा अपने नियंत्रण से बाहर की परिस्थितियों के कारण ऐसी सेवा से कार्यमुक्त किया गया होजोकि सैन्य सेवा के रूप में मानी जाए तथा जिसे चिकित्सा अथवा अन्य निशक्तता पेंशन दी गई हो; या

iv) जिसे कर्मचारियों की संख्या में कटौती के परिणामस्वरुप, स्वयं के अनुरोध के बिना ऐसी सेवा से कार्यमुक्त कियागया हो; या

v) जिसे सेवा की विशिष्ट अवधि को पूरा करने के बाद, अपने अनुरोध अथवा दुराचरण अथवा अकुशलता के कारण सेवामुक्त या बर्खास्त न करके किसी अन्य कारण से सेवामुक्त किया गया हो तथा जिसे सेवा उपदान दिया गया हो और इसमें निम्नलिखित श्रेणियों के प्रादेशिक सेना के कार्मिक भी शामिल हैं:

क) निरंतर सन्निहित सेवा के पेंशन धारक,

ख) सैन्य सेवा के कारण निशक्त व्यक्ति; और

ग) वीरता पुरस्कार विजेता।

7.1 तथापि प्रादेशिक सेना के कार्मिकों को दिनांक 15-11-86 से पूर्व सैनिक माना जाएगा।

7.2 भूतपूर्व सैनिक जिन्हें केंद्रीय राजस्व से भुगतान किया जाता है, वे नियुक्ति प्राधिकारी के विवेक पर प्रधान सिपाही (लिपिकीय) के रूप में पुन: सूचीबद्ध होने के पात्र हैं, यदि उनकेसेवा निवृत्ति प्रमाण पत्र में पिछली सेवा को अच्छा या उच्च वर्गीकरण / ग्रेडिंग के रूप में दर्शाया गया हो, बशर्ते कि वे खुली प्रतियोगिता हेतु प्रधान सिपाही (लिपिकीय) के लिए निर्धारित शैक्षिक मानकों के अनुरूप हों और समय-समय पर पुलिस आयुक्त द्वारा अनिवार्य स्थाई आदेश जारी करके निर्धारित क्षमता /दक्षता परीक्षाओं को उत्तीर्ण करते हैं। वे भर्ती के लिए निर्धारित मानकों के अनुसार पुलिस सेवा के लिए चिकित्सकीय रूप से फिट हैं।

**नोट 1:** ऐसे भूतपूर्व सैनिक, जिन्होंने अपने पुनर्नियोजन हेतु भूतपूर्व सैनिक को दिए जाने वाले आरक्षण का लाभ लेते हुए केंद्र सरकार (राज्य सरकार / सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों / स्वायत्त निकायों / सांविधिक निकायों / राष्ट्रीयकृत बैंकों आदि सहित) के अधीन समूह 'ग' और 'घ' पदों पर नियमित आधार पर पहले ही रोजगार हासिल कर लिया है, वे भूतपूर्व सैनिक श्रेणी के तहत शुल्क में छूट या आरक्षण के लाभ का दावा करने के हकदार नहीं हैं । तथापि वे केवल आयु में छूट के पात्र हैं।

**नोट 2:** सशस्त्र बलों में एक भूतपूर्व सैनिक की "कॉल अप सर्विस" की अवधि को भी आयु में छूट के उद्देश्य से सशस्त्र बलों में की गई सेवा के रूप में माना जाएगा।

**नोट 3:** आरक्षण के लाभों को प्राप्त करने के प्रयोजन से भूतपूर्व सैनिक माने जाने के लिए संघ की तीनों सशस्त्र सेनाओं के किसी भी सैनिक के लिए आवश्यक है कि उसने इस पद/ सेवा के लिए आवेदनपत्र भेजने के संगत समय पर भूपूसै का दर्जा पहले ही हासिल कर लिया हो, अथवा उसे सक्षम प्राधिकारी से प्राप्त दस्तावेजी सबूतों के द्वारा अपनी इस अर्जित हकदारी को सिद्ध करने की स्थिति में होना चाहिए कि वह आवेदन प्राप्ति की अन्तिम तिथि से एक वर्ष की निर्धारित अवधि के भीतर सशस्त्र सेनाओं की विनिर्दिष्ट सेवा की अवधि पूरी कर लेगा।

**स्पष्टीकरण**

i) संघ के सशस्त्र बलों में सेवारत व्यक्ति, जो सेवा से सेवानिवृत्त होने पर, "भूत पूर्व सैनिक" की श्रेणी में आएंगे, उन्हें सेवावधि की निर्दिष्ट शर्तों के पूरा होने से एक वर्ष पहले पुनर्नियोजन हेतु आवेदन करने की अनुमति दी जा सकती है और भूतपूर्व सैनिकों के लिए उपलब्ध सभी रियायतों का लाभ उठा सकते है, लेकिन जब तक वे संघ के सशस्त्र बलों में रहने की निर्दिष्ट अवधि को पूरा नहीं कर लेते, तब तक उन्हें वर्दी छोड़ने की अनुमति नहीं दीजाएगी।

ii) ऐसे सभी अभ्यर्थी जो सशस्त्र बलों में सेवारत हैं और भूतपूर्व सैनिक श्रेणी के तहत आवेदन करना चाहते हैं, उन्हें विभाग से अनापत्ति प्रमाणपत्र जमा कराना अनिवार्य होगा जिसमें सशस्त्र बलों से उनकी सेवा निर्मुक्ति की तारीख का स्पष्ट रूप से उल्लेख होगा। सशस्त्र बलों से सेवा मुक्त होने की तिथि/सशस्त्र बलों में रहने की निर्दिष्ट अवधि पूरी करने की तिथि आवेदन पत्र की अंतिम तिथि से एक वर्ष के भीतर होनी चाहिए। अनापत्ति प्रमाणपत्र में सशस्त्र बलों से सेवा मुक्ति की तारीख का कोई उल्लेख नहीं होने पर अनापत्ति प्रमाणपत्र पर विचार नहीं किया जाएगा और बिना कोई कारण बताए उनके आवेदन पत्र निरस्त कर दिए जाएंगे।

iii) एक मैट्रिक पास भूतपूर्व सैनिक (जिसमें वह भूतपूर्व सैनिक भी शामिल है, जिसने भारतीय सैन्य शिक्षा का विशेष प्रमाणपत्र (स्नातक प्रमाणपत्र या नौ सेना या वायु सेना में तदनुरूपी प्रमाणपत्र प्राप्त किया है) जिसने संघ की सशस्त्र सेनाओं में न्यूनतम 15 वर्ष की सेवा की है, उसे पद के लिए आवेदन करने हेतु पात्र समझा जाएगा।

## 8. प्रमाणन की प्रक्रिया और प्रमाणपत्रों का प्रारूप:

8.1.1 जो अभ्यर्थी जो आरक्षित रिक्तियों के लिए नियुक्ति चाहते हैं या आयु-छूट चाहते हैं ,जब दिल्ली पुलिस द्वारा शारीरिक क्षमता एवं मापदंड परीक्षा, कंप्यूटर पर टंकण परीक्षा/ कंप्यूटर (फ़ोर्मेटिंग) परीक्षा के दौरान ऐसे प्रमाण पत्र मांगे जाएंगे, तो उन्हें निर्धारित प्रारूप में सक्षम प्राधिकारी से अपेक्षित प्रमाणपत्र जमा कराना होगा। अन्यथा ,अजा /अजजा /अपिव /आकव /दिव्यांगजन/ भूपूसै श्रेणी के लिए उनके दावे पर विचार नहीं किया जाएगा और उनकी अभ्यर्थिता/आवेदन पर अनारक्षित (यूआर)/संबंधित श्रेणी के तहत विचार किया जाएगा। प्रमाणपत्रों के प्रारूप इस परीक्षा विज्ञप्ति के साथ संलग्न है। (समान अवसर, अधिकारों का संरक्षण और पूर्ण भागीदारी) अधिनियम 1995 (1996 का 1) के तहत जारी दिव्यांगता प्रमाणपत्र भी मान्य होगा। किसी अन्य प्रारूप में प्रमाणपत्र अस्वीकार कर दिए जाएंगे।

8.2 अन्य पिछड़ा वर्ग श्रेणी के अंतर्गत लाभ का दावा करने वाले अभ्यर्थियों को केंद्रीय सूची में अधिसूचित जातियों के अनुसार छूट दी जाएगी। यह छूट उन अभ्यर्थियों को भी मिलेगी जिन्हें राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार द्वारा अ.पि.व. प्रमाणपत्र जारी किया गया है। उन्हें यह सुनिश्चित करना होगा कि वे पात्रता के अनुसार इस आरक्षण के हकदार हैं और निर्णायक तिथि पर क्रीमी लेयर में नहीं आते हैं। इस प्रयोजन के लिए **निर्णायक तिथि ऑनलाइन आवेदन पत्र प्राप्त होने की अंतिम तिथि** होगी। "निर्णायक तिथि" का अर्थ है कि अभ्यर्थी उस तिथि तक संबंधित श्रेणी से संबंधित होना चाहिए; यह प्रमाणपत्र जारी करने की तिथि को संदर्भित नहीं करता है।

8.3 आ.क.व. श्रेणी के अंतर्गत आवेदन करने वाले और आ.क.व. आरक्षण के आधार पर नियुक्ति चाहने वाले अभ्यर्थियों को यह सुनिश्चित करना होगा कि उनके पास कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग के दिनांक 31.01.2019 के कार्यालय ज्ञापन संख्या 36039/1/2019-Estt.(Res.) के अनुसार **अनुबंध-च** में दिए गए वित्तीय वर्ष 2024-25 की आय के आधार पर जारी वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए वैध आय एवं संपत्ति प्रमाण पत्र हो। इस प्रयोजन के लिए निर्णायक तिथि ऑनलाइन आवेदन पत्र प्राप्त होने की अंतिम तिथि होगी। "निर्णायक तिथि" का अर्थ है कि अभ्यर्थी उस तिथि तक संबंधित श्रेणी से संबंधित होना चाहिए; यह प्रमाण पत्र जारी करने की तिथि को संदर्भित नहीं करता है।

8.4 अभ्यर्थी यह भी नोट करें कि उपरोक्त के संबंध में दिल्ली पुलिस द्वारा संबंधित दस्तावेज की सत्यता की पुष्टि होने तक उनकी अभ्यर्थिता अनंतिम रहेगी। अभ्यर्थियों को आगाह किया

जाता है कि यदि वे धोखा-धड़ी से अजा / अजजा / अपिव / आकव / दिव्यांगजन / भूपूसै होने का दावा करते हैं या कोई अन्य लाभ प्राप्त करते हैं तो उन्हें आयोग द्वारा आयोजित परीक्षा से वारित कर दिया जाएगा।

**9. अनिवार्य योग्यता <u>(पद के लिए आवेदन करते समय अभ्यर्थियों को 10+2 उत्तीर्ण या समकक्ष योग्यता होनी चाहिए) [ऑनलाइन आवेदन पत्र की अंतिम तिथि तक]:</u>**

**(i)** आवेदनपत्र भरने के समय किसी मान्यताप्राप्त बोर्ड से 10+2 (उच्चतर माध्यमिक) या समकक्ष परीक्षा उत्तीर्ण।

**(ii)** व्यावसायिक उपलब्धियां:

- अंग्रेजी टंकण की गति - 30 शब्द प्रति मिनट

**या**

- हिंदी टंकण की गति - 25 शब्द प्रति मिनट

9.1 भारत के राजपत्र में प्रकाशित मानव संसाधन विकास मंत्रालय की दिनांक 10-06-2015 की आधिसूचना के अनुसार संसद अथवा राज्य विधान मंडल के किसी आधिनियम द्वारा स्थापित विश्वविद्यालयों, विश्वविद्यालय अनुदान आयोग अधिनियम, 1956 की धारा 3 के अंतर्गत विश्वविद्यालयवत संस्थाओं और संसद के किसी अधिनियम के अंतर्गत घोषित राष्ट्रीय महत्व की संस्थाओं द्वारा मुक्त एवं दूरस्थ शिक्षण पद्धति के माध्यम से प्रदान किए गए प्रमाणपत्र केंद्र सरकार के अंतर्गत पदों और सेवाओं में नियोजन के प्रयोजन से स्वत: ही मान्यता प्राप्त हैं, बशर्ते कि उनको दूरस्थ शिक्षा ब्यूरो, विश्वविद्यालय अनुदान आयोग से अनुमोदन प्राप्त हो। तदनुसार, यदि ऐसी डिग्री को उस प्रासंगिक अवधि के लिए मान्यता नहीं दी गई है जब अभ्यर्थियों द्वारा वह योग्यता हासिल की गई हो, तो शैक्षिक योग्यता के उद्देश्य के लिए उसे स्वीकार नहीं किया जाएगा।

9.2 दस्तावेज़ सत्यापन के लिए अर्हक घोषित किए गए सभी अभ्यर्थियों को **ऑनलाइन आवेदन पत्र प्राप्त करने की अंतिम तिथि** को पहले न्यूनतम शैक्षिक योग्यता अर्जित करने के साक्ष्य के रूप में इंटरमीडिएट / हायर सेकेंडरी/ 10 + 2 / सीनियर सेकेंडरी को पास करने के प्रासंगिक प्रमाणपत्र, जैसे- अंक-पत्र, अनंतिम प्रमाणपत्र आदि प्रस्तुत करने होंगे, जिसमें विफल होने पर दिल्ली पुलिस द्वारा ऐसे अभ्यर्थियों की अभ्यर्थिता रद्द कर दी जाएगी । जो अभ्यर्थी यह साबित करने में सक्षम होंगे कि अर्हक परीक्षा का परिणाम कट-ऑफ तारीख को या उससे पहले घोषित कर दिया गया था और उसे उत्तीर्ण घोषित कर दिया गया था, उन्हें भी शैक्षिक योग्यता को पूरा करने में सक्षम माना जाएगा। **<u>यह दोहराया जाता है कि अपेक्षित शैक्षिक योग्यता का</u>**

**परिणाम बोर्ड / विश्वविद्यालय द्वारा निर्दिष्ट तिथि तक घोषित हो जाना चाहिए। बोर्ड / विश्वविद्यालय द्वारा निर्णायक कट-ऑफ तिथि तक केवल परिणाम तैयार किया जाना शैक्षिक योग्यता की अपेक्षा को पूरा नहीं करता है** ।

9.3 पद के लिए शैक्षिक योग्यता और अन्य शारीरिक मानक वही होंगे जो ऐसे पद पर सीधी भर्ती के लिए नियमों में निर्धारित हैं। दिल्ली पुलिस [नियुक्ति और भर्ती] नियम, 1980 में निर्धारित मामलों और तरीकों को छोड़कर स्थायी आदेश में प्रदान की गई छूट के अलावा अन्य किसी भी अर्हता या मानकों में कोई छूट नहीं दी जाएगी ।

9.4 समकक्ष शैक्षिक योग्यता वाले अभ्यर्थियों के मामले में ऐसे अभ्यर्थियों को दस्तावेज सत्यापन के समय संबंधित अधिकारियों से प्राप्त प्रासंगिक समानता प्रमाणपत्र भी प्रस्तुत करना होगा। तथापि, ऐसे अभ्यर्थियों के चयन के संबंध में अंतिम निर्णय दिल्ली पुलिस द्वारा लिया जाएगा।

**10. एनसीसी प्रमाणपत्र धारकों को प्रोत्साहन :**

10.1 'एनसीसी प्रमाणपत्र' धारकों को प्रोत्साहन निम्नलिखित स्तरों पर दिया जाएगा:

| **प्रमाणपत्र श्रेणी** | **प्रोत्साहन/बोनस अंक** |
|---|---|
| एनसीसी 'सी' प्रमाणपत्र | परीक्षा के अधिकतम अंकों का 5% |
| एनसीसी 'बी' प्रमाणपत्र | परीक्षा के अधिकतम अंकों का 3% |
| एनसीसी 'ए' प्रमाणपत्र | परीक्षा के अधिकतम अंकों का 2% |

**नोट:** यह लाभ केवल दस्तावेज़ सत्यापन/पीईएंडएमटी के समय उनके दावों (सत्यापन के अधीन) का समर्थन करने वाले मूल प्रमाणपत्र के प्रस्तुत करने पर ही दिया जाएगा। इस प्रयोजनार्थ महत्वपूर्ण तिथि ऑनलाइन आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि होगी। **यह लाभ भूतपूर्व सैनिकों के लिए उपलब्ध नहीं है।**

10.2 **अतिरिक्त अंकों का वेटेज :** राष्ट्रीय रक्षा विश्वविद्यालय (आरआरयू) द्वारा प्रदान की गई डिग्री या स्नातकोत्तर डिप्लोमा प्रमाणपत्र धारक अभ्यर्थियों को अतिरिक्त अंक दिए जाएंगे जो निम्नलिखित मापकों पर होंगे: -

| **डिग्री/स्नातकोत्तर डिप्लोमा में प्राप्त श्रेणी** | **दिए जाने वाले अतिरिक्त अंक** |
|---|---|
| विशेष योग्यता | परीक्षा के अधिकतम अंकों का 5 % |
| प्रथम श्रेणी | परीक्षा के अधिकतम अंकों का 4 % |
| द्वितीय श्रेणी | परीक्षा के अधिकतम अंकों का 3 % |

| | |
|---|---|
| पास श्रेणी | परीक्षा के अधिकतम अंकों का 2 % |

**नोट :** लाभ केवल दस्तावेज़ सत्यापन/पीईएंडएमटी के समय उनके दावों (सत्यापन के अधीन) का समर्थन करने वाले मूल प्रमाणपत्र के प्रस्तुत करने पर ही दिया जाएगा। इस प्रयोजनार्थ महत्वपूर्ण तिथि ऑनलाइन आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि होगी ।

11. **आवेदन कैसे करें:**

11.1 ऑनलाइन आवेदन पत्र केवल एसएससी मुख्यालय की वेबसाइट, अर्थात https://ssc.gov.in पर या **'mySSC'** मोबाइल एप्लिकेशन (जिसे गूगल प्ले स्टोर से डाउनलोड किया जा सकता है) के माध्यम से ऑनलाइन मोड में जमा किया जाना चाहिए। विस्तृत निर्देशों के लिए कृपया इस परीक्षा नोटिस के **अनुबंध-I** और **अनुबंध-II** के साथ-साथ मोबाइल ऐप से संबंधित दिनांक 02.06.2025 का नोटिस भी देखें जो आयोग की वेबसाइट पर उपलब्ध है (एकबारगी पंजीकरण और ऑनलाइन आवेदनपत्र का नमूना प्रपत्र क्रमशः **अनुबंध-Iक** और **अनुबंध-IIक** के रूप मे संलग्न है)।

11.2 ऑनलाइन आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि और समय **20.10.2025 (23:00 बजे)** है।

11.3 **अभ्यर्थियों को उनके हित में सलाह दी जाती है कि वे अंतिम तारीख तक प्रतीक्षा न करें और अंतिम तिथि से बहुत पहले ऑनलाइन आवेदन जमाकर दें क्योंकि अंतिम दिनों में नेटवर्क व्यस्त होने के कारण संपर्क में बाधा हो सकती है और लॉगइन करने में विफलता हो सकती है।**

11.4 वे सभी अभ्यर्थी जो इस परीक्षा विज्ञप्ति के अंतर्गत आवेदन करना चाहते हैं और जिन्होंने आयोग की नई वेबसाइट (https://ssc.gov.in) पर अपना वन-टाइम पंजीकरण (ओटीआर) जनरेट नहीं किया है, उन्हें ऐसा करना होगा क्योंकि आयोग की पुरानी वेबसाइट (अर्थात https://ssc.nic.in) पर जनरेट किया गया ओटीआर नई वेबसाइट पर काम नहीं करेगा। ओटीआर के बाद, अभ्यर्थी परीक्षा के लिए ऑनलाइन आवेदन पत्र भर सकते हैं। नई वेबसाइट पर ओटीआर जनरेट हो जाने के बाद, यह नई वेबसाइट पर आवेदन की जाने वाली सभी परीक्षाओं के लिए मान्य रहेगा। ओटीआर के लिए विस्तृत निर्देश इस परीक्षा विज्ञप्ति के **अनुबंध-I और Iक** में दिए गए हैं।

11.5 अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि वे अपनी ओटीआर प्रक्रिया पूरी करते समय आयोग की वेबसाइट पर प्रकाशित **आधार नीति** के अनुसार **आधार-आधारित प्रमाणीकरण** का विकल्प चुनें। **आधार प्रमाणीकरण का विकल्प** चुनने वाले अभ्यर्थियों के ऑनलाइन आवेदन पत्र **इस आधार पर अस्वीकार नहीं किए जाएँगे कि अभ्यर्थी द्वारा अपलोड की गई तस्वीर और/या हस्ताक्षर निर्धारित मानकों के अनुरूप नहीं हैं।** ऐसे अभ्यर्थियों को कंप्यूटर आधारित परीक्षा के समय परीक्षा स्थल पर प्रवेश के लिए हाल ही की रंगीन तस्वीरें, मूल वैध फोटो पहचान पत्र प्रस्तुत करने की आवश्यकता नहीं होगी।

11.6 ऑनलाइन आवेदन पत्र जमा करने के लिए अभ्यर्थी के पास पहले से मौजूद अपनी तस्वीर होना **आवश्यक नहीं है।** ऑनलाइन आवेदन मॉड्यूल को इस प्रकार डिज़ाइन किया गया है कि ऑनलाइन आवेदन पत्र भरते समय अभ्यर्थी की वास्तविक समय की तस्वीर ली जा सके। अभ्यर्थी को ऑनलाइन आवेदन मॉड्यूल द्वारा संकेत दिए जाने पर कैमरे के सामने खड़ा/बैठना होगा और तस्वीर लेते समय निम्नलिखित निर्देशों का सावधानीपूर्वक पालन करना होगा: -

क. अच्छी रोशनी और सादे पृष्ठभूमि वाली जगह ढूंढें।

ख. फोटो खींचने से पहले सुनिश्चित करें कि कैमरा आँखों के स्तर पर हो।

ग. कैमरे के लेंस के ठीक सामने खड़े हों और सीधे आगे देखें।

घ. सुनिश्चित करें कि उनका चेहरा कैमरे द्वारा निर्धारित क्षेत्र के अंदर हो और न तो बहुत पास हो और न ही बहुत दूर। इससे क्षेत्र पूरी तरह से ढका होना चाहिए और चेहरे का कोई भी हिस्सा कैमरे द्वारा निर्धारित क्षेत्र से बाहर नहीं होना चाहिए।

ङ. फोटो खींचते समय अभ्यर्थियों को टोपी, मास्क या चश्मा नहीं पहनना चाहिए।

11.7 परीक्षा में बैठते समय अभ्यर्थी का रूप-रंग ऑनलाइन आवेदन पत्र में दी गई तस्वीर के अनुसार होना चाहिए। अभ्यर्थी को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि ली गई तस्वीर **साफ़ हो, बिना टोपी या चश्मे के हो** और **सामने से पूरा दृश्य दिखाई दे। निर्देशों के अनुरूप न होने वाली तस्वीर वाला** ऑनलाइन आवेदन पत्र **अस्वीकार किया जा सकता है।** किसी भी स्थिति में अभ्यर्थी को अपनी पहले से मौजूद तस्वीर की तस्वीर नहीं लेनी चाहिए। ऐसे सभी ऑनलाइन आवेदन पत्र जिनमें उसकी पहले से मौजूद तस्वीर की तस्वीर ली गई हो, तुरंत अस्वीकार कर दिए जाएँगे। हालाँकि, **आधार-आधारित प्रमाणीकरण प्रक्रिया** के माध्यम से जमा किए गए अभ्यर्थियों के ऑनलाइन आवेदन पत्र को उपरोक्त आधारों पर अस्वीकार नहीं किया जाएगा।

11.8 अभ्यर्थी को ऑनलाइन आवेदन पत्र जमा करने से पहले यह सुनिश्चित करना होगा कि उसकी तस्वीर निर्देशों के अनुसार अपलोड की गई है। **यदि तस्वीर निर्धारित प्रारूप/आकार में अपलोड नहीं की जाती है, तो ऐसे ऑनलाइन आवेदन पत्र/अभ्यर्थिता को अस्वीकार या रद्द कर दिया जाएगा। हालाँकि, उपरोक्त आधार पर अस्वीकृति उन अभ्यर्थियों पर लागू नहीं होगी जिन्होंने आवेदन के लिए आधार-आधारित प्रमाणीकरण प्रक्रिया का उपयोग किया है।**

11.9 अभ्यर्थी को स्कैन किए गए हस्ताक्षर जेपीइजी प्रारूप (10 से 20 केबी) में अपलोड करने होंगे। हस्ताक्षर का आकार लगभग 6.0 सेमी (चौड़ाई) x 2.0 सेमी (ऊँचाई) होना चाहिए। अनुपयुक्त तस्वीरों या धुंधले/छोटे हस्ताक्षरों वाला ऑनलाइन आवेदन पत्र, जो निर्धारित आवश्यकताओं को पूरा नहीं करता है, तुरंत अस्वीकार कर दिया जाएगा। हालाँकि, उपरोक्त आधार पर अस्वीकृति उन अभ्यर्थियों पर लागू नहीं होगी जिन्होंने आवेदन के लिए आधार-आधारित प्रमाणीकरण प्रक्रिया का उपयोग किया है।

11.10 यदि अभ्यर्थी सर्वर पर अत्यधिक लोड के कारण या आयोग के नियंत्रण से बाहर किसी अन्य कारण से अंतिम तिथि के भीतर अपना ऑनलाइन आवेदन पत्र जमा नहीं कर पाते हैं तो आयोग इसके लिए जिम्मेदार नहीं होगा।

11.11 ऑनलाइन आवेदन पत्र जमा करने से पहले, अभ्यर्थियों को यह सुनिश्चित करने के लिए पूर्वावलोकन विकल्प देखना होगा कि उन्होंने ऑनलाइन आवेदन पत्र के प्रत्येक भाग में सही जानकारी/विवरण दिया है। उन्हें यह भी जांचना होगा कि फोटोग्राफ और हस्ताक्षर निर्धारित आवश्यकताओं को पूरा करते हैं। अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि वे जमा किए गए ऑनलाइन आवेदन पत्र की एक हार्ड कॉपी अपने पास रखें।

11.12 अभ्यर्थियों द्वारा ऑनलाइन आवेदन पत्र में दी गई जानकारी का सत्यापन दिल्ली पुलिस द्वारा पीईएंडएमटी/दस्तावेज सत्यापन के दौरान उनके मूल दस्तावेजों के आधार पर किया जाएगा। यदि दस्तावेजों के सत्यापन के दौरान यह पाया जाता है कि अभ्यर्थी द्वारा ऑनलाइन आवेदन पत्र में दी गई कोई भी जानकारी गलत/झूठी है, तो उसकी अभ्यर्थिता तत्काल अस्वीकार कर दी जाएगी। अभ्यर्थियों को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि उन्होंने ऑनलाइन आवेदन पत्र में सही जानकारी दी है।

12. **आवेदन शुल्क और भुगतान का तरीका:**

12.1 देय शुल्क: 100 / - रुपये (एक सौ रुपए मात्र)।

12.2 महिला अभ्यर्थियों और अनुसूचित जाति (अ.जा.), अनुसूचित जनजाति (अ.ज.जा.), दिव्यांगजन से संबंधित अभ्यर्थियों और आरक्षण के पात्र भूतपूर्व सैनिकों (भू.पू.सै.) को शुल्क का भुगतान करने से छूट दी गई है।

12.3 शुल्क का ऑनलाइन भुगतान भीम यूपीआई, नेट बैंकिंग के माध्यम से या वीजा, मास्टरकार्ड, मेस्ट्रो, रूपे डेबिट कार्ड का उपयोग करके किया जा सकता है ।

12.4 अभ्यर्थी ऑनलाइन शुल्क का भुगतान दिनांक 21.10.2025 (23:00बजे) तक कर सकते हैं।

12.5 जिन अभ्यर्थियों को शुल्क भुगतान से छूट नहीं दी गई है, उन्हें यह सुनिश्चित करना चाहिए कि उनका शुल्क कर्मचारी चयन आयोग को प्राप्त हो गया है। यदि शुल्क क.च.आ. को प्राप्त नहीं होता है, तो आवेदनपत्र की स्थिति 'अपूर्ण' दर्शाई जाएगी और यह जानकारी ऑनलाइन आवेदनपत्र के प्रिंटआउट के शीर्ष पर छपी होगी। इसके अलावा, शुल्क भुगतान की स्थिति को अभ्यर्थी के लॉगिन स्क्रीन में दिए गए "भुगतान की स्थिति" लिंक पर सत्यापित किया जा सकता है। ऐसे आवेदन जो शुल्क न मिलने के कारण अपूर्ण रह जाते हैं, उन्हें **सरसरी तौर पर निरस्त** कर दिया जाएगा और परीक्षा विज्ञप्ति में निर्दिष्ट अवधि के बाद ऐसे आवेदनों पर विचार करने और शुल्क भुगतान करने का कोई अनुरोध स्वीकार नहीं किया जाएगा ।

12.6 एक बार भुगतान किया गए शुल्क को किसी भी परिस्थिति में वापस नहीं किया जाएगा और न ही इसे किसी अन्य परीक्षा या चयन के लिए समायोजित किया जाएगा ।

12.7 भुगतान लेनदेन से संबंधित कोई भी मुद्दा/चिंता फीडबैक तंत्र के माध्यम से उम्मीदवार के लॉगिन पोर्टल पर दर्ज की जा सकती है।

13. **<u>ऑनलाइन आवेदन पत्र में सुधार के लिए विंडो [21.10.2025 से 29.10.2025 (23:00 बजे)]:</u>**

13.1 आयोग ऑनलाइन आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि के बाद, ऑनलाइन आवेदन संबंधी मापदंडों को ठीक / संशोधित करने के लिए अभ्यर्थियों को 02 दिनों की अवधि प्रदान करेगा, जिसमें अभ्यर्थियों को उनकी आवश्यकता के अनुसार ऑनलाइन आवेदन डेटा में अपेक्षित संशोधन / परिवर्तन करने के बाद आवेदन फिर से जमा करने की अनुमति दी जाएगी।

13.2 किसी भी अभ्यर्थी को 'आवेदनपत्र में संशोधन करने के लिए विंडो' के दौरान अपने आवेदन को संशोधित करने और संशोधित आवेदन को फिर से जमा करने के लिए दो बार अनुमति दी जाएगी, अर्थात यदि उसने अपने अद्यतित आवेदन में भी गलती की है, तो उसे अपेक्षित सुधार/संशोधन करने के बाद एक बार फिर से सही आवेदन जमा करने की अनुमति दी जाएगी। किसी भी परिस्थिति में आवेदन पत्र में कोई और संशोधन की अनुमति नहीं दी जाएगी।

13.3 केवल उन्हीं अभ्यर्थियों को आवेदन पत्र में संशोधन करने की अनुमति दी जाएगी, जिनके सभी प्रकार से पूरे ऑनलाइन आवेदन अपेक्षित शुल्क के भुगतान के साथ, आयोग द्वारा निर्दिष्ट अवधि के भीतर प्राप्त किए गए हैं।

13.4 नवीनतम संशोधित आवेदन को वैध माना जाएगा और ऐसे अभ्यर्थियों द्वारा जमा किए गए पिछले आवेदनों को नजरअंदाज कर दिया जाएगा।

13.5 आयोग पहली बार आवेदन पत्र में संशोधन करने और संशोधित/ सही आवेदन को जमा करने के लिए ₹ 200/- की एक समान सुधार राशि और दूसरी बार संशोधन करने और संशोधित/सही आवेदन को जमा करने के लिए ₹ 500/- की एक समान सुधार राशि लगाएगा। सुधार राशि सभी अभ्यर्थियों पर लागू होगी चाहे उनका लिंग/श्रेणी कुछ भी हो ।

13.6 सुधार राशि का भुगतान केवल ऑनलाइन माध्यम से भीम यूपीआई, नेट बैंकिंग या वीज़ा, मास्टरकार्ड, मेस्ट्रो या रुपे डेबिट कार्ड का उपयोग करके किया जा सकता है।

13.7 एक बार भुगतान की गई सुधार राशि को किसी भी परिस्थिति में वापस नहीं किया जाएगा और न ही इसे किसी अन्य परीक्षा या चयन के लिए समायोजित किया जाएगा।

13.8 संशोधित आवेदन जमा करने से पहले अभ्यर्थी यह जांच कर लें कि उन्होंने फार्म के प्रत्येक स्थान में सही विवरण भरा है। **'आवेदनपत्र में संशोधन करने के लिए विंडो' की अवधि के समाप्त हाने के पश्चात किसी भी परिस्थिति में किसी भी परिवर्तन / सुधार / संशोधन की अनुमति नहीं दी जाएगी।** इस संबंध में डाक, फैक्स, ईमेल, दस्ती आदि किसी भी माध्यम से प्राप्त अनुरोधों पर आयोग द्वारा विचार नहीं किया जाएगा और उन्हें **सरसरी तौर पर खारिज कर दिया जाएगा।**

14. **परीक्षा केंद्र** :

14.1 अभ्यर्थी को ऑनलाइन आवेदनपत्र में केंद्र (केंद्रों) को इंगित करना होगा जिसमें वह परीक्षा देना चाहता / चाहती है । परीक्षा केंद्रों और क्षेत्रीय कार्यालयों जिनके अंतर्गत ये परीक्षा केंद्र स्थित हैं, के विवरण इस प्रकार हैं:

| **क्र. स.** | **परीक्षा केंद्र और केंद्र कोड** | **कर्मचारी चयन आयोग क्षेत्रीय कार्यालय तथा क्षेत्रीय कार्यालय के क्षेत्राधिकार के अधीन राज्य / संघ शासित राज्य** | **क्षेत्रीय कार्यालयों के पते / वेबसाइट** |
|---|---|---|---|
| 1 | भागलपुर (3201), मुजफ्फरपुर (3205), पटना (3206), आगरा (3001), बरेली (3005), गोरखपुर (3007), झांसी (3008), कानपुर (3009), लखनऊ (3010), मेरठ (3011), प्रयागराज (3003), वाराणसी (3013), गया (3203)। | **मध्य क्षेत्र (म.क्षे.)/**<br><br>बिहार और उत्तर प्रदेश | क्षेत्रीय निदेशक (म.क्षे), कर्मचारी चयन आयोग, 34-ए, महात्मा गांधी मार्ग, सिविल लाइंस, केंद्रीय सदन, प्रयागराज - 211001।<br>( www.ssc-cr.org ) |
| 2 | श्री विजया पुरम (4802), धनबाद (4206), जमशेदपुर (4207), रांची (4205), बालासोर (4601), बेहरामपुर गंजम (4602), भुवनेश्वर (4604), कटक (4605), कल्याणी (4419), राउरकेला (4610), संबलपुर (4609), गंगटोक (4001), आसनसोल (4417), कोलकाता/हावड़ा (4410), सिलीगुड़ी (4415), बर्दवान (4422), दुर्गापुर (4426), सूरी (4416), ढेंकनाल (4611)। | **पूर्वी क्षेत्र (पू.क्षे.)/**<br>अंडमान और निकोबार द्वीप समूह, झारखंड, ओडिशा, सिक्किम और पश्चिम बंगाल | क्षेत्रीय निदेशक (पू.क्षे.), कर्मचारी चयन आयोग, पहली एमएसओ बिल्डिंग, (8वीं मंजिल), 234/4, आचार्य जगदीश चंद्र बोस रोड, कोलकाता, पश्चिम बंगाल-700020<br>( www.sscer.org) |
| 3 | बेलागवी (9002), बेंगलुरु (9001), हुबली (9011), कालाबुरागी (गुलबर्गा) (9005), मंगलुरु (9008), मैसूरु (9009), शिवमोग्गा (9010), उडुपी (9012), एर्नाकुलम (9213), कोल्लम (9210), कोट्टायम (9205), कोझिकोड (9206), तिरुवनंतपुरम (9211), त्रिशूर (9212), कन्नूर (9202), कावारत्ती (9401) | **कर्नाटक, केरल क्षेत्र (क.के.क्षे.)/** लक्षद्वीप, कर्नाटक और केरल | क्षेत्रीय निदेशक (क.के.क्षे.), कर्मचारी चयन आयोग, प्रथम तल, "ई" विंग, केन्द्रीय सदन, कोरमंगला, बेंगलुरु, कर्नाटक-560034<br>( www.ssckkr.kar.nic.in ) |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 4 | भोपाल (6001), ग्वालियर (6005), इंदौर (6006), जबलपुर (6007), सतना (6014), सागर (6015), बिलासपुर (6202), रायपुर (6204), दुर्ग-भिलाई (6205) ) | **मध्य प्रदेश क्षेत्र (म.प्र.क्षे.)/** छत्तीसगढ़ और मध्य प्रदेश | क्षेत्रीय निदेशक (म.प्र.क्षे.), कर्मचारी चयन आयोग, 5वां तल, निवेश भवन, एलआईसी कैंपस-2, पंडरी, रायपुर, छत्तीसगढ़-492004 ( www.sscmpr.org ) |
| 5 | ईटानगर (5001), डिब्रूगढ़ (5102), गुवाहाटी (दिसपुर) (5105), जोरहाट (5107), सिलचर (5111), तेजपुर (5112), इंफाल (5501), चुराचांदपुर (5502), शिलांग (5401), आइजोल (5701), दीमापुर (5301), कोहिमा (5302), अगरतला (5601). | **उत्तर पूर्वी क्षेत्र (उ.पू.क्षे.)/** अरुणाचल प्रदेश, असम, मणिपुर, मेघालय, मिजोरम, नागालैंड और त्रिपुरा। | क्षेत्रीय निदेशक (उ.पू.क्षे.), कर्मचारी चयन आयोग, हाउसफेड कॉम्प्लेक्स, लास्ट गेट, बेलटोला-बशिष्ठ रोड, पीओ असम सचिवालय, दिसपुर, गुवाहाटी, असम-781006 ( www.sscner.org.in ) |
| 6 | दिल्ली एनसीआर (2201), अजमेर (2401), बीकानेर (2404), जयपुर (2405), जोधपुर (2406), सीकर (2411), उदयपुर (2409), देहरादून (2002), हलद्वानी (2003), रूड़की (2006)। | **उत्तरी क्षेत्र (उ.क्षे.)/** दिल्ली, राजस्थान और उत्तराखंड | क्षेत्रीय निदेशक (उ.क्षे.), कर्मचारी चयन आयोग, ब्लॉक नंबर 12, सीजीओ कॉम्प्लेक्स, लोधी रोड, नई दिल्ली-110003 ( www.sscnr.nic.in ) |
| 7 | चंडीगढ़ (1601), हमीरपुर (1202), शिमला (1203), जम्मू (1004), लेह (1005), सांबा (1010), श्रीनगर (जम्मू-कश्मीर) (1007), अमृतसर (1404), जालंधर (1402), पटियाला (1403), लुधियाना (1405)। | **उत्तर पश्चिमी क्षेत्र (उ.प.क्षे.)/** चंडीगढ़, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, जम्मू और कश्मीर, लद्दाख और पंजाब | क्षेत्रीय निदेशक (उ.प.क्षे.), कर्मचारी चयन आयोग, ब्लॉक नंबर 3, भूतल, केंद्रीय सदन, सेक्टर-9, चंडीगढ़-160009 ( www.sscnwr.org ) |
| 8 | गुंटूर (8001), काकीनाडा (8009), कुरनूल (8003), नेल्लोर (8010), राजमुंदरी (8004), तिरुपति (8006), विजयवाड़ा (8008), विशाखापत्तनम (8007), एलुरु (8016), पुडुचेरी (8401), चेन्नई (8201), कोयंबटूर (8202), मदुरै (8204), सेलम (8205), तिरुचिरापल्ली (8206), वेल्लोर (8208), हैदराबाद/सिकंदराबाद (8601), वारंगल (8603), ओंगोल (8014), सिद्दीपेट (8605), थूथुकुडी (8207), | **दक्षिणी क्षेत्र (द.क्षे.)/** आंध्र प्रदेश, पुडुचेरी, तमिलनाडु और तेलंगाना। | क्षेत्रीय निदेशक (द.क्षे), कर्मचारी चयन आयोग, दूसरा तल, ईवीके संपत बिल्डिंग, डीपीआई कैंपस, कॉलेज रोड, चेन्नै, तमिलनाडु-600006 ( www.sscsr.gov.in ) |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | करूर (8210)। | | |
| 9 | पणजी (7801), अहमदाबाद/गांधीनगर (7001), आनंद (7011), राजकोट (7006), सूरत (7007), वडोदरा (7002), अमरावती (7201), छत्रपति संभाजी नगर (7202), जलगांव (7214), कोल्हापुर (7203), मुंबई (7204), नागपुर (7205), नांदेड़ (7206), नासिक (7207), पुणे (7208)। | **पश्चिमी क्षेत्र (प.क्षे.)/** दादरा और नगर हवेली और दमन और दीव, गोवा, गुजरात और महाराष्ट्र | क्षेत्रीय निदेशक (प.क्षे.), कर्मचारी चयन आयोग, प्रथम तल , साउथ विंग, प्रतिष्ठा भवन, 101, महर्षि कर्वे रोड, मुंबई, महाराष्ट्र-400020 ( www.sscwr.net ) |

14.2 अभ्यर्थी को कंप्यूटर आधारित परीक्षा में बैठने के लिए, प्राथमिकता के क्रम में, तीन केन्द्रों का विकल्प देना होगा । किसी भी परिस्थिति में केन्द्र के परिवर्तन के लिए किसी भी अनुरोध पर बाद में विचार नहीं किया जाएगा । अतः अभ्यर्थियों को केंन्द्रों का चयन सावधानीपूर्वक करना चाहिए और अपने आवेदनों में इसे ठीक से इंगित करना चाहिए ।

14.3 आयोग सभी अभ्यर्थियों को उनके द्वारा चुने गए केंद्र में समायोजित करने का प्रयास करेगा। हालाँकि, आयोग ऊपर **पैरा 14.1** में दी गई केंद्रों की सूची के अतिरिक्त नए परीक्षा केंद्र जोड़ने या उपरोक्त सूची में से किसी भी केंद्र को रद्द करने और उस केंद्र को चुनने वाले अभ्यर्थियों को किसी अन्य केंद्र से परीक्षा देने के लिए कहने का अधिकार सुरक्षित रखता है। आयोग किसी केंद्र के अभ्यर्थियों को परीक्षा देने के लिए किसी अन्य केंद्र पर भेजने का भी अधिकार सुरक्षित रखता है।

15. **परीक्षा की योजना/ भर्ती का तरीका:**

चयन प्रक्रिया में दिए गए क्रम में निम्नलिखित अनिवार्य परीक्षाएं होंगी : -

| **क्र.सं.** | **टेस्ट / परीक्षा** | **अधिकतमअंक/ अर्हकारी** |
|---|---|---|
| (i) | क.च.आ. द्वारा कंप्यूटर आधारित परीक्षा | 100 अंक |
| (ii) | दिल्ली पुलिस द्वारा शारीरिक क्षमता और मापदंड परीक्षा (पीईएंडएमटी) | अर्हकारी |
| (iii) | दिल्ली पुलिस द्वारा कंप्यूटर पर टंकण परीक्षा | 25 अंक |
| (iv) | दिल्ली पुलिस द्वारा कंप्यूटर (फॉर्मेटिंग) परीक्षा | अर्हकारी |

15.1 सभी अभ्यर्थियों (महिला और पुरूष) को विभिन्न केंद्रों पर आयोजित होने वाली डेढ़ घंटे **(90 मिनट)** की कंप्यूटर आधारित परीक्षा देनी होगी ।

15.2 कंप्यूटर आधारित परीक्षा में वस्तुनिष्ठ प्रकार का पेपर होगा जिसमें **100 अंकों** के 100 **प्रश्न होंगे।**

15.3 प्रत्येक गलत उत्तर के लिए **0.25 अंक का नकारात्मक अंकन होगा** ।

15.4 कंप्यूटर आधारित परीक्षा के लिए निम्नलिखित विषयों पर प्रश्नपत्र **केवल हिंदी और अंग्रेजी** में होंगे : -

| **विषय** | | **प्रश्नों की संख्या** | **अधिकतम अंक** |
|---|---|---|---|
| भाग- क | सामान्य जानकारी | 20 | 20 |
| भाग-ख | संख्यात्मक अभिरूचि (मूल अंकगणितीय कौशल) | 20 | 20 |
| भाग- ग | सामान्य बुद्धिमत्ता | 25 | 25 |
| भाग-घ | अंग्रेजी भाषा (सामान्य ज्ञान) | 25 | 25 |
| भाग-ड. | कंप्यूटर के मूल सिद्धांत, एमएस एक्सेल, एमएस वर्ड, संचार, इंटरनेट, डब्ल्यू.डब्ल्यू.डब्ल्यू. और वेब ब्राउजर आदि | 10 | 10 |
| **कुल** | | **100** | **100** |

15.5 बेंचमार्क दिव्यांगता (पीडब्ल्यूडी) वाले व्यक्तियों को परीक्षा के लिए कोई प्रलिपिक उपलब्ध नहीं कराया जाएगा।

15.6 विज्ञप्ति में दी गई परीक्षा की तिथियां अनंतिम हैं। परीक्षा कार्यक्रम में किसी भी प्रकार के परिवर्तन की सूचना अभ्यर्थियों को आयोग की वेबसाइट के माध्यम से ही दी जाएगी।

15.7 परीक्षा में पुनर्मूल्यांकन/ पुन: जांच का कोई प्रावधान नहीं होगा । इस संबंध में किसी भी पत्राचार पर कार्रवाई नहीं की जाएगी ।

15.8 कंप्यूटर आधारित परीक्षा में केवल वस्तुनिष्ठ प्रकार के बहुविकल्पीय प्रश्न होंगे।

15.9 प्रत्येक गलत उत्तर के लिए **0.25 अंक काटे जाएंगे।** इसलिए, अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि प्रश्नों का उत्तर देते समय इस बात का ध्यान रखा जाए।

15.10 कंप्यूटर आधारित परीक्षा में अभ्यर्थियों द्वारा प्राप्त अंकों को आयोग द्वारा प्रकाशित दिनांक **02-06-2025 की विज्ञप्ति** के तहत प्रकाशित सूत्र का प्रयोग करके सामान्यीकृत किया जाएगा और ऐसे सामान्यीकृत अंकों का उपयोग अंतिम योग्यता और कट-ऑफ निर्धारित करने के लिए किया जाएगा ।

15.11 परीक्षा के बाद कंप्यूटर आधारित परीक्षा की अनंतिम उत्तर-कुंजियां आयोग की वेबसाइट पर डाल दी जाएगी। अभ्यर्थी उत्तर कुंजियों को देख लें और यदि कोई हो, तो आयोग द्वारा निर्धारित समय-सीमा के भीतर प्रति प्रश्न ₹50/- का भुगतान करके ऑनलाइन अभ्यावेदन प्रस्तुत कर सकते हैं, जो वापस नहीं किया जाएगा। इस विषय पर किसी अन्य माध्यम, जैसे पत्र, आवेदन, ईमेल आदि से प्राप्त अभ्यावेदन स्वीकार नहीं किए जाएँगे। उत्तर कुंजियों को अंतिम रूप देने से पहले उत्तर कुंजियों से संबंधित अभ्यावेदनों की जाँच की जाएगी और इस संबंध में आयोग का निर्णय अंतिम होगा।

15.12 कंप्यूटर आधारित परीक्षा के परिणाम तैयार करने के लिए अंतिम उत्तर कुंजियों का उपयोग किया जाएगा। कंप्यूटर आधारित परीक्षा के परिणाम की घोषणा के बाद अंतिम उत्तर कुंजियाँ और अंक आयोग की वेबसाइट पर उपलब्ध करा दिए जाएँगे।

15.13 आयोग परीक्षा प्रक्रिया की सत्यनिष्ठा और निष्पक्षता सुनिश्चित करने के लिए व्यापक परीक्षा-पश्चात विश्लेषण करता है। इसमें लॉग विश्लेषण, फोटो और बायोमेट्रिक सत्यापन, और सीसीटीवी फुटेज की समीक्षा के माध्यम से विस्तृत जाँच शामिल है। परीक्षा के किसी भी चरण के दौरान किसी भी प्रकार के कदाचार या अनुचित साधनों में संलिप्त पाए जाने वाले अभ्यर्थियों पर आयोग की नीति के अनुसार कड़ी कार्रवाई की जा सकती है, जिसमें उनकी अभ्यर्थिता रद्द करना और भविष्य की परीक्षाओं से उन्हें रोकना भी शामिल है।

**16. <u>कंप्यूटर आधारित परीक्षा के लिए सांकेतिक पाठ्यक्रम:</u>**

**(क) <u>सामान्य जानकारी:</u>** अभ्यर्थी के आसपास के परिवेश की सामान्य जानकारी और समाज में उनके अनुप्रयोग की जांच करने के लिए प्रश्न तैयार किए जाएंगे । सामयिक घटनाओं और दिन प्रतिदिन के अवलोकन के ऐसे मामलों के ज्ञान एवं उनके वैज्ञानिक पहलू संबंधी अनुभव की जांच करने हेतु भी प्रश्न पूछे जाएंगे, जिसकी जानकारी की अपेक्षा किसी शिक्षित व्यक्ति से की जा सकती है । इस परीक्षा में भारत और उसके पड़ोसी देशों के संबंध में विशेषकर इतिहास, संस्कृति, भूगोल, आर्थिक परिदृश्य, सामान्य राज्य-व्यवस्था और वैज्ञानिक अनुसंधान से संबंधित प्रश्न भी शामिल होंगे ।

**(ख) <u>संख्यात्मक अभिरूचि (मूलभूत अंकगणित कौशल):</u>** पूर्णांक का अभिकलन, दशमलव एवं भिन्न, संख्याओं के बीच परस्पर संबंध, प्रतिशतता, अनुपात तथा समानुपात, वर्गमूल, औसत, ब्याज (साधारण एवं चक्रवृद्धि), लाभ एवं हानि, बट्टा, साझेदारी व्यवसाय, मिश्रण एवं बंधन की त्रिया, समय एवं दूरी, समय एवं कार्य, स्कूली बीजगणित की आधारभूत बीजगणित संक्रियाएं और प्रारंभिक करणी (सरल निर्मेय) और रेखीय समीकरण के रेखाचित्र त्रिकोण एवं इसके विभिन्न प्रकार के केंद्र, त्रिकोणों की समशेषता एवं समरूपता, वृत एवं इसकी जीवा, स्पर्शरेखा, वृत जीवाओं द्वारा अंतरित कोण दो या अधिक

वृत्तों की सामान्य स्पर्शरेखा, त्रिकोण, चतुर्भुज, नियत बहुभुज, वृत, सम प्रिज्म, सम वृत्तीय शंकु, सम वृत्तीय बेलन, गोला, अर्धगोला, आयताकार समांतर षट्फलक, त्रिकोण अथवा वर्ग आधार वाला नियत सम पिरामिड, त्रिकोणमिति, त्रिकोणमितीय अनुपात, अंश और त्रिज्या कोण की मॅप, मानक सारूप्यता, संपूरक कोण, ऊंचाई व दूरी, आयतचित्र, बारंबारता बहुभुज, दंड चित्र (बार-डाइग्राम), पाई-चार्ट ।

**(ग) <u>सामान्य बुद्धिमता</u>** : इसमें शाब्दिक और गैर-शाब्दिक दोनों प्रकार के प्रश्न शामिल होंगे । इस घटक में सादृश्यों, समानताओं तथा अंतरों, स्थानिक कल्पना, स्थानिक अभिविन्यास, समस्या समाधान, विश्लेषण, निर्णय, निर्णय लेना, दृश्य स्मृति, विभेद, अवलोकन, संबंध अवधारणा, अंकगणितीय तर्क एवं आकृति संबंधी वर्गीकरण, अंकगणितीय संख्या श्रृंखला, गैर-शाब्दिक श्रृंखला, कोडिंग एवं डिकोडिंग, विवरण निष्कर्ष, न्यायसंगत तर्क आदि से संबंधित प्रश्न शामिल होंगे । इसमें विषय हैं: सीमेंटिक समानता, प्रतीकात्मक/ अंक संबंधी समानता, आंकड़े संबंधी समानता, सीमेंटिक वर्गीकरण, प्रतीकात्मक/ अंक संबंधी वर्गीकरण, सीमेंटिक श्रेणी, अंक वर्गीकरण, आंकड़े संबंधी वर्गीकरण, समस्या समाधान, शब्द निर्माण, कोडिंग एवं डिकोडिंग, संख्यात्मक संचालन, प्रतीकात्मक संचालन, प्रवृत्तियां, अंतराल अभिविन्यास, अंतराल दृश्यता (विज्यूलाइज़ेशन), वैन डाइग्राम, रेखाचित्र अनुमिति, पंच्ड होल/ पैटर्न फ़ोल्डिंग व अन्फोल्डिंग, अंकीय पैटर्न फ़ोल्डिंग एवं पूर्ण करना, सूचीकरण, पता मिलान, तिथि व शहर मिलान, कैंद्र कोड/ अनुक्रमांक का वर्गीकरण, छोटे व बड़े अक्षर/ अंक कोडिंग/ डिकोडिंग व वर्गीकरण, अन्तः स्थापित आंकड़े, आलोचनात्मक विवेचन, भावनात्मक बुद्धिमता, सामाजिक बुद्धिमता और यदि कोई हो तो अन्य उप विषय।

**(घ) <u>अंग्रेजी भाषा(मूलभूत जानकारी)</u>** : त्रुटि का पता लगाना, खाली स्थान भरना, समानार्थक/भिन्नार्थक शब्द, विपरीतार्थक वर्तनी/ गलत वर्तनी वाले शब्दों का पता लगाना, मुहावरे एवं सूक्तियां, एक शब्द प्रतिस्थापन, वाक्यों में सुधार, क्रियाओं के कर्तृवाच्य/कर्मवाच्य, प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष कथं में रूपांतरण, वाक्यांशों का फेरबदल, पाठ में वाक्यों का फेरबदल, पाठ में छूटे हुए शब्द का पता करना, परिज्ञान पाठ।

**(ड.) <u>कंप्यूटर के मूल सिद्धांत, एमएस एक्सेल, एमएस वर्ड, संचार, इंटरनेट, डबल्यूडबल्यूडबल्यू और वेब ब्राउजर आदि ।</u>**

इस प्रश्नपत्र में निम्नलिखित पर प्रश्न होंगे :

1. वर्ड प्रोसेसिंग के तत्व [वर्ड प्रोसेसिंग प्रारंभिक, दस्तावेज को खोलना और बंद करना, पाठ रचना (टेक्स्ट क्रीएशन), पाठ स्वरूपण (टेक्स्ट का फॉर्मेट करना) और इसके प्रस्तुतीकरण की विशेषताएं (प्रेजेन्टेशन फीचर्स)]।

2. एमएस एक्सेल (स्प्रेड शीट के तत्व, सेल्स का संपादन, कार्य और सूत्र, फंक्शन और फार्मूला)।

3. संचार (ई-मेल की मूल बातें, ई-मेल भेजना/प्राप्त करना और उससे संबंधित कार्य)।

4. इंटरनेट, डबल्यूडबल्यूडबल्यू और वेब ब्राउजर (इंटरनेट, इंटरनेट पर सेवाएं, यूआरएल, एचटीटीपी, एफटीपी, वेब साइट, ब्लॉग, वेब ब्राउज़िंग सॉफ्टवेयर, सर्च इंजन, चैट, विडिओ कॉन्फ्रेंसिंग, ई-बैंकिंग) आदि ।

**17. <u>पीईएंडएमटी में बैठने के लिए कंप्यूटर आधारित परीक्षा के परिणाम की घोषणा</u>**

17.1 कंप्यूटर आधारित परीक्षा का परिणाम कर्मचारी चयन आयोग द्वारा घोषित किया जाएगा।

17.2 प्रत्येक श्रेणी अर्थात सामान्य /अजा /अजजा /अपिव/ ईडब्ल्यूएस और भूतपूर्व सैनिक (श्रेणी- वार) में रिक्तियों की संख्या के बीस (20) गुणा के बराबर कंप्यूटर आधारित परीक्षा की मेरिट की सीमा के भीतर आने वाले अभ्यर्थियों को शारीरिक क्षमता एवं मापदंड परीक्षा (पीई एवं एमटी) में उपस्थित होने के लिए बुलाया जाएगा। यदि कटऑफ अंकों पर बड़ी संख्या में अभ्यर्थी हैं, तो संबंधित श्रेणी के लिए उस कटऑफ के सभी अभ्यर्थियों को पीई एवं एमटी के लिए बुलाया जाएगा।

17.3 कंप्यूटर आधारित परीक्षा में रिक्तियों की संख्या का 20 गुना बेंचमार्क दिव्यांगता वाले व्यक्ति (पीडब्ल्यूबीडी) [40% और उससे अधिक की लोकोमोटर विकलांगता [या तो एक पैर (ओएल) या दोनों पैर (बीएल) प्रभावित] सीधे कंप्यूटर पर टाइपिंग टेस्ट के लिए अर्हता प्राप्त करेंगे क्योंकि उन्हें शारीरिक क्षमता और मापदंड परीक्षण (पीई एंव एमटी) से छूट दी गई है। हालाँकि, उन्हें दस्तावेज़ सत्यापन (डीवी) के लिए उपस्थित होना होगा।

17.4 उपरोक्त कंप्यूटर आधारित परीक्षा में 40% अंक प्राप्त करने वाले सामान्य/ईडब्ल्यूएस श्रेणी के अभ्यर्थियों, 35% अंक प्राप्त करने वाले अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग के अभ्यर्थियों को, कुल मिलाकर 30% अंक प्राप्त करनेवाले दिव्यांग व्यक्ति (पीडब्ल्यूबीडी)/ भूतपूर्व सैनिक अभ्यर्थियों को परीक्षा में उत्तीर्ण माना जा सकता है। यदि अभ्यर्थियों की अपेक्षित संख्या अर्हता प्राप्त नहीं करते है, तो कर्मचारी चयन आयोग प्रत्येक श्रेणी के लिए अलग से प्राप्त न्यूनतम अंक कम कर सकता है।

18. **<u>शारीरिक क्षमता परीक्षा (अर्हक)</u>** :

**क) <u>पुरुष अभ्यर्थी:</u>**

**<u>भूतपूर्व सैनिकों और विभागीय अभ्यर्थियों (आयु-वार) सहित पुरुष अभ्यर्थियों के लिए</u>**:

| **आयु** | **दौड़: 1600 मीटर** | **लम्बी कूद** | **ऊँची कूद** |
|---|---|---|---|
| 30 वर्ष तक | 07 मिनट | 12½ फीट (12’6”) | 3½ फीट (3’6”) |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 30 से 40 वर्ष तक | 08 मिनट | 11½ फीट (11'6") | 3¼ फीट (3'3") |
| 40 वर्ष से ऊपर | 09 मिनट | 10½ फीट (10'6") | 3 फीट |

**ख)** **<u>महिला अभ्यर्थी:</u>**

**<u>विभागीय अभ्यर्थियों और विधवा/ तलाक़शुदा/न्यायिक रूप से अलग हुई महिला अभ्यर्थियों (आयु-वार) सहित महिला अभ्यर्थियों के लिए</u>**:

| **आयु** | **दौड़ : 800 मीटर** | **लम्बी कूद** | **ऊँची कूद** |
|---|---|---|---|
| 30 वर्ष तक | 05 मिनट | 9 फीट | 3 फीट |
| 30 से 40 वर्ष तक | 06 मिनट | 8 फीट | 2½ फीट (2'6") |
| 40 साल से ऊपर | 07 मिनट | 7 फीट | 2¼ फीट (2'3") |

**नोट 1:-** वे अभ्यर्थी जो दौड़ में अर्हता प्राप्त करते हैं, वे लंबी कूद और तदनंतर ऊंची कूद में उपस्थित होने के पात्र होंगे। अभ्यर्थी को दिए गए तीन अवसरों में किसी भी अवसर में उसे लंबी कूद और ऊंची कूद को पार करना है। दौड़, लंबी कूद और ऊंची कूद में अयोग्य होने पर कोई अपील स्वीकार नहीं की जाएगी ।

**नोट 2:-** "महिला अभ्यर्थी, जो पीई एंड एमटी के समय या तो गर्भवती हैं, या एक बच्चे को जन्म दिया है या गर्भपात हो गया है, उन्हें शारीरिक क्षमता परीक्षा में भाग लेने की अनुमति नहीं दी जा सकती है और उन्हे **<u>प्रसूति समाप्त होने तक अस्थायी रूप से अयोग्य</u>** घोषित किया जाएगा। तब तक ऐसे मामलों का परिणाम सीलबंद लिफाफे में रखा जा सकता है और रिक्तियों को आरक्षित रखा जाएगा।

**नोट 2.1:** प्रसूति की समाप्ति के छह सप्ताह बाद शारीरिक दक्षता परीक्षण (पीईटी) के लिए उसकी फिर से जांच की जाएगी, जो एक पंजीकृत चिकित्सक से फिटनेस का चिकित्सा प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने के अधीन होगा।

प्रसव की अवधि निम्नानुसार होगी:-

i) बच्चे के जन्म देने से 6 महीने तक।

ii) गर्भपात की तिथि से 45 दिनों तक।

**नोट 2.2:** यदि उसे पीई एंड एमटी के दौरान अर्हक घोषित किया जाता है, उसका परिणाम मेरिट के अनुसार घोषित किया जाएगा।उन्हें आरक्षित रखे गए पद पर नियुक्त किया जाएगा और समय-समय पर संशोधित सरकार के निर्देशों के अनुसार वरिष्ठता के लाभ की अनुमति दी जाएगी।

**<u>शारीरिक मापदंड (पुरुष एवं महिला)</u>**

**क) पुरुष अभ्यर्थी:**

**(क) <u>ऊंचाई:</u> 165 सेमी.,** इनके लिए 5 सेमी. तक की छुट**:-**

**(i)** पहाड़ी क्षेत्रों अर्थात गढ़वालियों, कुमाऊंनी, गोरखा , डोगरा , मराठों और सिक्किम, नागालैंड, अरुणाचल प्रदेश, मणिपुर, त्रिपुरा, मिजोरम, मेघालय, असम, हिमाचल प्रदेश, जम्मू और कश्मीर का कश्मीर क्षेत्र और लद्दाख (इस छूट का दावा करने वाले अभ्यर्थियों को शारीरिक माप परीक्षा के समय अपने निवास स्थान के सक्षम प्राधिकारी अर्थात डीसी / डीएम / एसडीएम या तहसील द्वारा जारी इस तरह का प्रमाणपत्र **(पहाड़ी क्षेत्र प्रमाण-पत्र)** प्रस्तुत करना होगा)। प्रमाण पत्र का प्रारूप **अनुबंध 'ज'** में संलग्न है।

**(ii)** अजजा अभ्यर्थियों।

**(iii)** दिल्ली पुलिस के सेवारत,सेवानिवृत्त या दिवंगत कर्मियों / दिल्ली पुलिस के मल्टी टास्किंग स्टॉफ के पुत्रों के लिए।

**(ख) <u>सीना</u>**: 78 सेमी.-82 सेमी. (न्यूनतम4 सेमी विस्तार के साथ), इनके लिए 5 सेमी. तक की छुट:-

(i) पहाड़ी क्षेत्रों के निवासियों के लिए, जिसके लिए उपर्युक्त प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करना होगा।

(ii) अजजा अभ्यर्थियों।

(iii) दिल्ली पुलिस के सेवारत,सेवानिवृत्त या दिवंगत कर्मियों / दिल्ली पुलिस केमल्टी टास्किंग स्टॉफ के पुत्रों के लिए।

**ख) महिला अभ्यर्थी:-**

**<u>ऊंचाई:</u>** 157 सेमी., इनके लिए 5 सेमी. तक की छुट:-

**(i)** पहाड़ी क्षेत्रों अर्थात गढ़वालियों, कुमाऊंनी, गोरखा , डोगरा , मराठों और सिक्किम, नागालैंड, अरुणाचल प्रदेश, मणिपुर, त्रिपुरा, मिजोरम, मेघालय, असम, हिमाचल प्रदेश, जम्मू और कश्मीर का कश्मीर क्षेत्र और लद्दाख (इस छूट का दावा करने वाले अभ्यर्थियों को शारीरिक माप परीक्षा के समय अपने निवास स्थान के सक्षम प्राधिकारी अर्थात डीसी / डीएम / एसडीएम या

तहसील द्वारा जारी इस तरह का प्रमाणपत्र **(पहाड़ी क्षेत्र प्रमाण-पत्र)** प्रस्तुत करना होगा)। प्रमाण पत्र का प्रारूप **अनुबंध 'ज'** में संलग्न है।

**(ii)** अजा/ अजजा अभ्यर्थियों।

**(iii)** दिल्ली पुलिस के सेवारत,सेवानिवृत्त या दिवंगत कर्मियों / दिल्ली पुलिस के मल्टी टास्किंग स्टॉफ के पुत्रियों के लिए।

19. **<u>शारीरिक मापन</u> :** शारीरिक मापन परीक्षण केवल उन्हीं अभ्यर्थियों का किया जाएगा जो शारीरिक क्षमता परीक्षा में अर्हता प्राप्त करते हैं।

20. बेंचमार्क विकलांगता वाले व्यक्तियों (पीडब्ल्यूबीडी) (पुरुष/महिला) को शारीरिक क्षमता एवं मापन परीक्षण से छूट दी जाएगी। हालाँकि, उन्हें दस्तावेज़ सत्यापन (डीवी) के लिए उपस्थित होना होगा।

21. चिकित्सा मानक**:** अभ्यर्थियों का स्वास्थ्य अच्छा होना चाहिए और उन्हें कोई शारीरिक दोष विकृति या बीमारी नहीं होनी चाहिए। दोनों आँखों की दृष्टि चश्मे के साथ या बिना चश्में के दृष्टि 6/12 होनी चाहिए। इस मामले में किसी भी श्रेणी के अभ्यर्थियों को कोई छूट नहीं दी जाती है।

21.1 **<u>दिव्यांगजनों के लिए</u>:-** अच्छा स्वास्थ्य, दोनों आंखों में चश्मे के साथ या बिना चश्में के दृष्टि 6/12। 40% और उससे अधिक (एक पैर या दोनों पैर प्रभावित) चालन संबंधी दिव्यांगता अनुमत्य होगी। इस पद के लिए शारीरिक अपेक्षाएं निम्नानुसार हैं : -

| (एफ, पीपी, एल, बी, एस, बीएल) | |
|---|---|
| **कोड** | **शारीरिक अपेक्षाएं** |
| एफ | (उंगलियों से) जोड़-तोड़ करके किया गया कार्य |
| पीपी | खींचकर और धक्का देकर किया गया कार्य। |
| एल | उठाकर किया गया कार्य। |
| बी | झुककर किया गया कार्य। |
| एस | (बेंच या कुर्सी पर) बैठकर किया गया कार्य |
| बीएल | दोनों पैर प्रभावित हैं लेकिन हाथ नहीं। |

**22. <u>शारीरिक क्षमता और मापन परीक्षा (पीईएंडएमटी)</u>**

22.1 केवल कंप्युटर आधारित परीक्षा में उत्तीर्ण अभ्यर्थियों को ही शारीरिक क्षमता और मापन परीक्षण (पीईएंडएमटी) के लिए बुलाया जाएगा ।

22.2 कंप्यूटर आधारित परीक्षा का परिणाम घोषित होने के बाद पीईएंडएमटी का आयोजन 03 केंद्रों नामतः दिल्ली पुलिस अकादमी परिसर/ वजीराबाद, दिल्ली अकादमी परिसर-II /झरोदाकलाँ और न्यू पुलिस लाइन, किंग्स वे कैंप, दिल्ली में किया जाएगा ।

22.3 पीईएंडएमटी में उपस्थित होने के लिए आने वाले अभ्यर्थियों को पहले अधिग्रहित क्षेत्र (होल्डिंग एरिया) में रिपोर्ट करनी चाहिए। अधिग्रहित क्षेत्र के कर्मचारी अभ्यर्थियों के प्रवेश पत्र पर फोटो की जांच करेंगे ताकि किसी अभ्यर्थी द्वारा प्रतिरूपण न किया जा सके। इसके बाद अभ्यर्थियों को चेस्ट नंबर आवंटित किया जा सकता है और होल्डिंग स्टाफ दौड प्रतिस्पर्धा के लिए बैच तैयार करेगा।

22.4 अधिग्रहित क्षेत्र (होल्डिंग एरिया) में अभ्यर्थियों का सत्यापन / पहचान करने के बाद, अभ्यर्थियों को चेस्ट नंबर दिया जाएगा और होल्डिंग स्टाफ दौड प्रतिस्पर्धा के लिए बैच तैयार करेगा।

22.5 दौड़ में आर एफ आई डी टैग (रेडियो फ्रीक्वेंसी आइडेंटिफिकेशन टैग) का प्रयोग किया जाएगा।

22.6 डिजिटल उपकरणों के माध्यम से ऊंचाई और सीने की माप ली जाएगी।

22.7 आयु, शिक्षा, अजा / अजजा / अपिव / आकव, पहाड़ी क्षेत्रों, अनापत्ति प्रमाणपत्र / सेवा निवृत्ति प्रमाणपत्र (भूतपूर्व सैनिकों के मामले में ), खेलों से संबंधित प्रमाणपत्र, छुट चाहने वाले दिल्ली के पुलिस कर्मियों के आश्रितों (पुत्रों / पुत्रियों ) को जारी प्रमाणपत्र आदि मूल दस्तावेज / प्रमाणपत्र केवल उन्हीं अभ्यर्थियों के जाँचे जाएंगे जिन्होंने पीईएंडएमटी (दौड़, लंबी / ऊंची कूद और शारीरिक माप) की सभी प्रतिस्पर्धाओं में सफलता प्राप्त करते हैं। पीईएंडएमटी के समय अभ्यर्थियों की पात्रता की जांच करने के लिए उन्हें सभी दस्तावेजों / प्रमाणपत्रों की स्वः सत्यापित प्रतियां जमा करनी होंगी ।

22.8 यदि कोई अभ्यर्थी पीईएंडएमटी प्रक्रिया के दौरान अपेक्षित दस्तावेज प्रस्तुत करने में विफल रहता है, तो उसकी अभ्यर्थिता रद्द कर दी जाएगी। तथापि उसे 05 कार्य दिवसों के भीतर अपेक्षित दस्तावेज जमा करने का अवसर दिया जा सकता है। अपेक्षित दस्तावेज प्रस्तुत करने के बाद योग्यता के आधार पर उनकी अभ्यर्थिता पर फिर से विचार किया जाएगा।

22.9 पीईएंडएमटी प्रक्रिया का परिणाम प्रत्येक अभ्यर्थी को यथोचित रसीद के तहत प्रदान किया जा सकता है जिसमें स्पष्ट रूप से अर्हता / अनर्हता दर्शाई जाएगी । तथापि, अनर्हता/ अस्वीकरण का कारण स्पष्ट किया जा सकता है। अर्हता / अनर्हता के मामले में "अर्हक पर्ची" / "अस्वीकरण पर्ची" की पावती की एक प्रति भी रिकॉर्ड में रखी जाएगी।

**नोट:** ***यदि कोई अभ्यर्थी इस परीक्षा के लिए पहले शारीरिक क्षमता परीक्षण और मापन परीक्षण (पीई एंड एमटी) में भाग ले चुका है और दौड़, ऊँची कूद या लंबी कूद जैसी किसी भी स्पर्धा में अयोग्य घोषित हो जाता है, तो उसका परिणाम अंतिम माना जाएगा। यदि कोई अयोग्य अभ्यर्थी अपनी पिछली भागीदारी या अयोग्यता को छिपाते हुए पुनः परीक्षा में शामिल होता है और बाद में उत्तीर्ण हो जाता है, तो शारीरिक क्षमता परीक्षण का मूल परिणाम मान्य होगा।***

23. **शारीरिक मापन परीक्षा के लिए अपीलीय बोर्ड:** शारीरिक क्षमता और मापन परीक्षण (दौड़, लंबी कूद और ऊंची कूद) में अर्हता प्राप्त अभ्यर्थियों को पद के लिए निर्धारित मानकों के अनुसार शारीरिक मापन परीक्षण अर्थात ऊंचाई/छाती (पुरुष अभ्यर्थी) और ऊंचाई (महिला अभ्यर्थी) मापन के परीक्षण में शामिल होना होगा। अपनी शारीरिक माप से संतुष्ट नहीं होने वाले अभ्यर्थियों को पीईएंडएमटी के दिन ही अनर्हता के खिलाफ अपील दायर करनी होगी। बाद में किसी भी स्तर पर आवेदन/अपील पर विचार नहीं किया जाएगा।

24. **कंप्यूटर पर टंकण परीक्षा (अधिकतम 25 अंक) :** शारीरिक क्षमता और मापन परीक्षण (पीईएंडएमटी) में अर्हता प्राप्त करने वाले अभ्यर्थी; साथ ही कंप्यूटर आधारित परीक्षा में उत्तीर्ण होने वाले दिव्यांगजनों (पीडब्ल्यूडी) को कंप्यूटर पर टंकण परीक्षा के लिए बुलाया जाएगा। यह परीक्षा 10 मिनट की अवधि की होगी। अंतिम परिणाम तैयार करते समय इसके अंकों को ध्यान में रखा जाएगा। अभ्यर्थियों को टंकण परीक्षा में प्राप्त की गई टंकण गति के अनुसार अंक दिए जाएंगे।

24.1. **कंप्यूटर पर टाइपिंग टेस्ट की प्रक्रिया:-** टाइपिंग टेस्ट 10 मिनट की अवधि का होगा। न्यूनतम अर्हक गति अंग्रेजी में 30 शब्द प्रति मिनट और हिंदी में 25 शब्द प्रति मिनट होगी। अभ्यर्थियों को अंग्रेजी में न्यूनतम 400 शब्द या 2000 स्ट्रोक या हिंदी में न्यूनतम 350 शब्द या 1750 स्ट्रोक वाला एक मुद्रित अनुच्छेद प्रदान किया जाएगा। 10 मिनट की अवधि समाप्त होने के बाद किसी भी उम्मीदवार को अनुच्छेद टाइप करने की अनुमति नहीं दी जाएगी/जारी नहीं रखा जाएगा।

टाइपिंग टेस्ट के लिए अधिकतम 25 अंक निर्धारित हैं और अंकन निम्नानुसार किया जाएगा: -

| **अंग्रेजी टाइपिंग** | | **हिंदी टाइपिंग** | |
|---|---|---|---|
| 30 शब्द प्रति मिनट से कम | अयोग्य | 25 श.प्र.मि. से कम | अयोग्य |
| 30 श.प्र.मि. | 10 अंक | 25 श.प्र.मि. | 10 अंक |
| 31 से 35 श.प्र.मि. | 12 अंक | 26 से 30 श.प्र.मि. | 12 अंक |
| 36 से 40 श.प्र.मि. | 15 अंक | 31 से 35 श.प्र.मि. | 15 अंक |
| 41 से 45 श.प्र.मि.. | 18 अंक | 36 से 40 श.प्र.मि. | 18 अंक |
| 46 से 50 श.प्र.मि. | 21 अंक | 41 से 45 श.प्र.मि. | 21 अंक |
| 50 श.प्र.मि. से अधिक | 25 अंक | 45 श.प्र.मि. से अधिक | 25 अंक |

24.2. **<u>अंग्रेज़ी और हिंदी टाइपिंग गति के मूल्यांकन की प्रक्रिया</u>**

**<u>अवधि - 10 मिनट</u>**

| | | |
|---|---|---|
| (i) | कुल स्ट्रोक/5 | शब्द |
| (ii) | कुल शब्द/टेस्ट का समय | संभावित गति |

**<u>गलतियाँ</u> -** प्रत्येक गलती के लिए 1 शब्द

**<u>उदाहरण</u>**

| | | |
|---|---|---|
| (i) | टाइप की गई स्ट्रोक की कुल संख्या | 2000 |
| (ii) | शब्द | 2000 ÷ 5 = 400 शब्द |
| (iii) | संभावित गति | कुल शब्द/टेस्ट का समय<br>(400 ÷ 10 = 40 श.प्र.मि.) |
| (iv) | गलतियों की संख्या | 10 |
| (v) | **वास्तविक गति** | **40-10 = 30 श.प्र.मि.** |

**25. <u>कंप्यूटर (फॉर्मेटिंग) परीक्षा (अर्हकारी)</u> :** कंप्यूटर पर टंकण परीक्षा में अर्हता प्राप्त करने वाले अभ्यर्थियों को कंप्यूटर (फॉर्मेटिंग) परीक्षा के लिए बुलाया जाएगा और एमएस-वर्ड, एमएस-पावरपॉइंट और एमएस-एक्सेल पर परीक्षण किया जाएगा जो अर्हकारी प्रकृति का होगा। अभ्यर्थियों को प्रत्येक परीक्षा के लिए अलग से 10 मिनट का समय दिया जाएगा। अभ्यर्थियों को उसी तरह से प्रारूपित (फॉर्मेट) करना होगा जैसा कि दिए गए हैंडआउट में है और प्रिंटर से इसे प्रिन्ट करना होगा। सामान्य रूप से प्रयोग की जाने वाली निम्नलिखित प्रारूपण सुविधाओं (फॉर्मेटिंग फीचर्स) का परीक्षण किया जाना चाहिए:

**<u>एमएस-वर्ड</u>** **समय :10 मिनट**

| | | | |
|---|---|---|---|
| (i) | पैराग्राफ बनाना | (xi) | सुपरस्क्रिप्ट |
| (ii) | रेखांकन | (xii) | सबस्क्रिप्ट |
| (iii) | विभिन्न प्रकार का फ़ॉन्ट उपयोग करना | (xiii) | पृष्ठ संख्या अंकन (पेज नंबरिंग) |
| (iv) | पैराग्राफ संख्या सम्मिलित करना | (xiv) | चिन्ह या प्रतीक लगाना |
| (v) | बाएँ/दाएँ हाशिया लगाना | (xv) | तालिका बनाना / पाठ के बीच में तालिका को जोड़ना |
| (vi) | टेक्स्ट को बड़े अक्षरों (बोल्ड) में करना | (xvi) | बुलेट / संख्या अंकन |

| | | | |
|---|---|---|---|
| (vii) | तिरछे (इटेलिक्स) अक्षर | (xvii) | केस बदलना |
| (viii) | विभिन्न फ़ॉन्ट आकार का उपयोग | (xviii) | पैराग्राफों की सेटिंग |
| (ix) | टेक्स्ट बीच में, बाएं, दायें, दोनों ओर बराबर करना | (xix) | शीर्षलेख (हेडर) जैसे कुछ टेक्स्ट |
| (x) | पैराग्राफ की लाइन स्पेसिंग सिंगल, डबल आदि | (xx) | पादलेख (फुटर) जैसे कुछ टेक्स्ट |

**<u>एमएस-पावरपॉइंट</u>** **समय :10 मिनट**

| | | | |
|---|---|---|---|
| (i) | हैडर बनाना | (xi) | स्लाइड की पृष्ठभूमि शैली (बैकग्राउन्ड स्टाइल) |
| (ii) | टेक्स्ट बॉक्स का उपयोग करना | (xii) | स्लाइड का डिजाइन |
| (iii) | हाइपरलिंक बनाना | (xiii) | प्रिंट हैंडआउट |
| (iv) | चार्ट/ग्राफ सम्मिलित करना | (xiv) | क्लिप आर्ट बनाना |
| (v) | तालिका बनाना | (xv) | पादलेख बनाना |
| (vi) | तालिका में स्वांकन (ऑटो नंबर) करना | (xvi) | स्लाइड में संख्यांकन (नंबरिंग) |
| (vii) | तालिका में बुलेट बनाना | (xvii) | चित्र सम्मिलित करें |
| (viii) | आकृति बनाना | (xviii) | एमएस वर्ड के साथ हैंडआउट छापना |
| (ix) | स्मार्ट आर्ट बनाना | (xix) | क्रियाकरन (एक्शन) सम्मिलित करना |
| (x) | वर्डआर्ट के साथ टेक्स्ट बनाना | (xx) | पाठ का संरेखण |

**<u>एमएस-एक्सेल</u>** **समय :10 मिनट**

| | | | |
|---|---|---|---|
| (i) | चार्ट/ग्राफ सम्मिलित करना | (xi) | सेल को रुपये के रूप में प्रारूपित करना |
| (ii) | टेक्स्ट को रैप करना | (xii) | क्लिप आर्ट बनाना |
| (iii) | खानों को मिलाना (सेल्स मर्ज करना) | (xiii) | फ़ॉन्ट का आकार |
| (iv) | टेक्स्ट को केंद्र में रखना | (xiv) | फ़ॉन्ट की शैली (फ़ॉन्ट स्टाइल) |
| (v) | टेक्स्ट के रूप में केंद्र संरेखित करना | (xv) | फ़ॉन्ट का रंग (फ़ॉन्ट कलर) |
| (vi) | टेक्स्ट का उन्मुखीकरण | (xvi) | फुटर बनाना |
| (vii) | बोल्ड टेक्स्ट | (xvii) | डेटा क्रमबद्ध करना (सॉर्ट डेटा) |
| (viii) | टेक्स्ट को रेखांकित करना | (xviii) | सूत्र सम्मिलित करना |
| (ix) | तिरछे (इटेलिक्स) अक्षर | (xix) | आकृतियां बनाना |
| (x) | हेडर बनाना | (xx) | सेल को संख्या और दशमलव |

| | | | स्थानों के रूप में प्रारूपित करना |
|---|---|---|---|

उपरोक्त सूचीबद्ध फॉरमेटिंग की 20 विशेषताओं की परीक्षा की जा सकती है प्रत्येक परीक्षण में फॉरमेटिंग की प्रत्येक विशेषता के लिए 1/2 अंक होगा। **फॉरमेटिंग विशेषताओं के मामले में यदि अभ्यर्थी नमूने के अनुसार फारमेटिंग करते हैं, तो प्रत्येक के लिए ½ अंक दिया जाएगा। अन्यथा कोई अंक नहीं दिया जाएगा ।** प्रत्येक परीक्षा के लिए फारमेटिंग विशेषता हेतु 10 अंकों में से अभ्यर्थी को प्रत्येक परीक्षा में कम से कम 6 अंक प्राप्त करने चाहिए। संपादन सुविधा (एडिटिंग टूल्स) के उपयोग से अभ्यर्थियों द्वारा गलतियों को सुधारने पर कोई प्रतिबंध नहीं है

## 26. बराबरी (टाई) के मामलों का समाधान

ऐसे मामले में जहां एक से अधिक अभ्यर्थी बराबर समग्र अंक प्राप्त करते हैं, तो बराबरी का निपटारा एक के बाद दूसरे निम्नलिखित तरीकों को अपनाते हुए किया जाएगा: -

i) अधिक आयु के अभ्यर्थी को वरीयता दी जाएगी।

ii) यदि जन्म तिथि भी समान है, तो कंप्यूटर आधारित परीक्षा में अधिक अंक प्राप्त करने वाले अभ्यर्थी को वरीयता दी जाएगी।

iii) यदि जन्म तिथि और कंप्यूटर आधारित परीक्षा में अंक समान हैं, तो कंप्यूटर पर टंकण परीक्षा में अधिक अंक प्राप्त करने वाले को वरीयता दी जाएगी।

iv) यदि जन्म तिथि, कंप्यूटर आधारित परीक्षा में अंक और कंप्यूटर पर टंकण परीक्षा में अंक भी समान हैं, तो वर्णानुक्रम क्रम, जिसमें अभ्यर्थी का प्रथम नाम आता है, के आधार पर मामले का निर्णय किया जाएगा।

## 27. अंतिम परिणाम की घोषणा

27.1 कंप्यूटर (फोरमेटिंग) परीक्षा में अर्हक घोषित अभ्यर्थियों की सूची से कर्मचारी चयन आयोग द्वारा कंप्यूटर आधारित परीक्षा (100 अंक), कंप्यूटर पर टंकण परीक्षा (25 अंक) और प्रोत्साहन / बोनस अंक (यदि कोई हो) में योग्यता के आधार पर अनंतिम रूप से चयनित अभ्यर्थियों (विज्ञापित रिक्तियों की संख्या के अनुसार) (श्रेणी वार) तैयार की जाएगी और घोषित की जाएगी।

27.2 कर्मचारी चयन आयोग द्वारा उनकी योग्यता / श्रेणी के अनुसार अधिसूचित रिक्तियों के लिए चयनित अभ्यर्थियों की संख्या के अतिरिक्त 15% अभ्यर्थियों का "रिजर्व पैनल" भी तैयार किया जाएगा और इसे दिल्ली पुलिस को सीलबंद लिफ़ाफ़े में दिया जाएगा, जो अपलोड नहीं किया जाएगा। रिजर्व पैनल का संचालन दिल्ली पुलिस द्वारा किया जाएगा।

27.3 अजा / अजजा / अपिव वर्गों के अभ्यर्थी, जो अन्य समुदायों से संबंधित अभ्यर्थियों के साथ, बिना किसी छूट के मानकों के अपनी योग्यता के आधार पर चुने जाते हैं, उन्हें रिक्तियों के आरक्षित भाग में समायोजित नहीं किया जाएगा । ऐसे अजा, अजजा और अपिव अभ्यर्थियों को समग्र योग्यता सूची में उनकी स्थिति के अनुसार सामान्य /अनारक्षित रिक्तियों में समायोजित

किया जाएगा। आरक्षित रिक्तियों को पात्र अजा, अजजा, अपिव वर्ग के अभ्यर्थियों से अलग से भरा जाएगा, जिसमें अजा, अजजा, अपिव वर्ग के वे अभ्यर्थी शामिल होंगे जिनकी योग्यता अनारक्षित श्रेणी की योग्यता सूची में चयनित अंतिम सामान्य अभ्यर्थी की तुलना में काम है, परंतु छूट के मानकों के अनुसार वे नियुक्ति के लिए उपयुक्त हैं।

27.4 आकव श्रेणी से संबंधित व्यक्ति को एक अनारक्षित रिक्ति के लिए नियुक्ति हेतु प्रतिस्पर्धा करने के अधिकार से वंचित नहीं किया जा सकता है। आकव श्रेणी से संबंधित अभ्यर्थियों को, जिनका चयन योग्यता के आधार पर किया जाता है न कि आरक्षण के आधार पर, उन्हें आरक्षण के लिए निर्धारित कोटे में नहीं गिना जाएगा।

27.5. अभ्यर्थियों का चयन अनंतिम रूप से उनके चरित्र और पूर्ववृत्त के पुलिस सत्यापन और पद के लिए निर्धारित मेडीकल फिटनेस के अधीन किया जाएगा। सत्यापन प्रपत्र में किसी भी प्रकार के तथ्यों को छिपाने / गलत बयानी के परिणाम स्वरूप अभ्यर्थिता रद्द की जा सकती है। यदि सत्यापन प्रपत्र में किसी भी प्रकार के तथ्यों को छिपाने / गलत बयान बयान देने का पता चलता है, तो अभ्यर्थी के खिलाफ स्थायी आदेश संख्या HRD/12/2025 के प्रावधानों और समय समय पर किए गए संशोधनों के अनुसार कार्रवाई की जाएगी और वह अपने प्रशिक्षण पर खर्च की गई राशि को राज्य के खजाने को वापस करने के लिए भी उत्तरदायी होगा/होगी । उन्हें दिल्ली पुलिस में सेवा देने से भी वंचित कर दिया जाएगा। उसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई भी की जाएगी।

27.6 अनंतिम रूप से चयनित अभ्यर्थियों के अंतिम परिणाम की घोषणा के तुरंत बाद ,कर्मचारी चयन आयोग उसे दिल्ली पुलिस को एक सॉफ्ट / हार्ड कॉपी में देगा ताकि दिल्ली पुलिस अनिवार्य सरकारी औपचारिकताओं के बाद के चरणों को शुरू कर सके, जैसे- पुलिस सत्यापन /चिकित्सा परीक्षा फॉर्म भरकर / जमा करके चिकित्सा परीक्षा और पुलिस सत्यापन करना आदि ।

27.7 भर्ती प्रकोष्ठ, नई पुलिस लाइन, दिल्ली अपेक्षित फार्मो को भरने / जमा करने का कार्यक्रम दिल्ली पुलिस की वेबसाइट पर अपलोड करेगा ।

27.8 भर्ती प्रक्रिया में पारदर्शिता बनाए रखने के लिए और अभ्यर्थी की भर्ती प्रकोष्ठ, नई पुलिस लाइन, दिल्ली के कार्यालय में बार-बार यात्रा से बचने के लिए सभी अनंतिम रूप से चयनित अभ्यर्थियों की पूरी जानकारी के साथ स्थिति अर्थात नाम, पिता का नाम, रोल नंबर, श्रेणी चिकित्सा परीक्षा की स्थिति, पुलिस सत्यापन और कार्यग्रहण की तारीख आदि दिल्ली पुलिस की वेबसाइट पर उपलब्ध कराई जाएगी ।

27.9 “नियुक्ति का प्रस्ताव” पत्र प्राप्त करने के लिए चयनित अभ्यर्थियों को “बुलावा पत्र (कॉल लेटर)” जारी किया जाएगा । यह पत्र चयनित अभ्यर्थियों को सभी अनिवार्य औपचारिक्ताओं को पूरा करने के बाद ही जारी किया जाएगा, जो की मेडिकल फिटनेस, चरित्र और पूर्ववृत के सत्यापन और दस्तावेजों की अंतिम जांच आदि के अध्यधीन है ।

27.10 “नियुक्ति का प्रस्ताव” पत्र सक्षम प्राधिकारी द्वारा केवल उस अभ्यर्थी को ही जारी किया जाएगा, जिसने सफलतापूर्वक सभी अपेक्षित दस्तावेज (मूल रूप में) जमा कर दिया हैं ।

27.11 इसके बाद, अभ्यर्थियों को “अनुबंध प्रपत्र/बांड” (एफ-81) दिया जाएगा, जिसे उन्हें प्रशिक्षण में शामिल होने के समय प्रस्तुत करना होगा।

**नोट:-** सभी चयनित अभ्यर्थियों के मामले**,** जिनके खिलाफ कोई आपराधिक मामला दर्ज किया गया है / जांच लंबित है / न्यायालय में मामला विचाराधीन है**,** उनके मामलों पर एस.ओ. सं. 398/2018 और समय-समय पर किए गए संशोधनों के प्रावधानों के मद्देनजर कानून के अनुसार विचार किया जाएगा। विभागीय चयनित अभ्यर्थियों, जिनके खिलाफ कोई डीई/पीई/आपराधिक मामला/सतर्कता जांच आदि लंबित है, से संबंधित मामलों को अंतिम रूप देने तक लंबित रखा जाएगा और उन मामलों पर अंतिम फैसला होने के पश्चात ही उनके संबंध में उपयुक्तता के आधार पर निर्णय लिया जाएगा ।

27.12 **<u>प्रारंभिक प्रशिक्षण पाठ्यक्रम</u>** : इस पद के लिए चुने गए अभ्यर्थियों को छ: (05+01) महीने की अवधि के लिए या समय-समय पर पुलिस आयुक्त द्वारा निर्धारित अवधि के अनुसार दिल्ली के प्रशिक्षण केंद्र में आवासीय प्रारंभिक प्रशिक्षण पाठ्यक्रम करना होगा और प्रशिक्षण स्थायी आदेश के अनुसार दिल्ली पुलिस अकादमी से सफलतापूर्वक उत्तीर्ण होना होगा। ।

**नोट:**

(i) दिव्यांगजन (पीडब्ल्यूडी) अभ्यर्थियों को आउटडोर प्रशिक्षण से छूट दी जाएगी। तथापि, प्रशिक्षण स्थायी आदेश के अनुसार उन्हें इस पद के लिए इनडोर प्रशिक्षण करना होगा।

(ii) दिल्ली पुलिस अकादमी में शिक्षा का माध्यम हिंदी होगा।

**28. <u>परीक्षा में प्रवेश</u>:**

28.1 सभी अभ्यर्थी, जो इस विज्ञप्ति के प्रत्युत्तर में अंतिम तिथि और समय तक स्वयं को पंजीकृत करते हैं तथा जिनके आवेदन सही पाए जाते हैं और परीक्षा की इस विज्ञप्ति में दी गई निबंधन और शर्तों के अनुसार आयोग द्वारा जिन अभ्यर्थियों के आवेदन को अनंतिम रूप से स्वीकार कर लिया जाता है, उन्हें अनुक्रमांक प्रदान किया जाएगा और कंप्यूटर आधारित परीक्षा में बैठने के लिए प्रवेशपत्र जारी किया जाएगा। तदनंतर, अर्हता प्राप्त अभ्यर्थियों को परीक्षा के अगले स्तर के लिए प्रवेशपत्र जारी किया जाएगा।

28.2 आयोग कंप्यूटर आधारित परीक्षा के समय पात्रता और अन्य पहलुओं के लिए आवेदनों की विस्तृत जांच नहीं करेगा और इसलिए, अभ्यर्थिता केवल अनंतिम रूप से स्वीकार की जाएगी। अभ्यर्थियों को अनिवार्य शैक्षिक योग्यता, आयु, शारीरिक और चिकित्सा मानकों आदि की आवश्यकताओं के बारे में पढ़ने और उनके बारे में स्वयं को संतुष्ट करने की सलाह दी जाती है

कि वे उक्त पदों के लिए पात्र हैं। दस्तावेज सत्यापन के समय उनसे समर्थनकारी दस्तावेजों की प्रतियां मांगी जाएंगी। संवीक्षा करते समय यदि आवेदन में किया गया दावा सही नहीं पाया जाता है तो अभ्यर्थिता रद्द कर दी जाएगी और सक्षम प्राधिकारी का निर्णय अंतिम होगा।

28.3 कंप्यूटर आधारित परीक्षा के लिए प्रवेशपत्र आयोग के क्षेत्रीय और उपक्षेत्रीय कार्यालयों की वेबसाइट पर अपलोड कर दिया जाएगा। परीक्षा के किसी भी स्तर के लिए प्रवेश पत्र डाक द्वारा जारी नहीं किए जाएंगे। इसलिए अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि वे परीक्षा की अद्यतन जानकारी के लिए नियमित रूप से संबंधित क्षेत्रीय कार्यालय और कर्मचारी चयन आयोग (मुख्यालय) की वेबसाइट (https://ssc.gov.in) का अवलोकन करते रहें।

28.4 परीक्षा के बारे में सूचनाएं, जिसमें परीक्षा की समय-सारणी और प्रत्येक अभ्यर्थी के लिए परीक्षा के शहर/केंद्र की जानकारी होगी, परीक्षा की तारीख से लगभग 10 दिन पहले आयोग के संबंधित क्षेत्रीय/उपक्षेत्रीय कार्यालयों की वेबसाइट पर अपलोड कर दी जाएगी। यदि किसी अभ्यर्थी को परीक्षा की तारीख से एक सप्ताह पूर्व तक आयोग की वेबसाइट पर अपने ब्योरे की जानकारी प्राप्त नहीं होती है, तो उसे तत्काल आवेदन प्रस्तुत करने के अपने प्रमाण के साथ आयोग के संबंधित क्षेत्रीय कार्यालय से संपर्क करना चाहिए। ऐसा न करने पर वह परीक्षा में बैठने के अपने दावे पर विचार किए जाने से वंचित हो जाएगा।

28.5 अभ्यर्थी को आयोग के साथ कोई भी पत्राचार करते समय अपनी पंजीकरण संख्या, पंजीकृत ईमेल आईडी, अपने नाम के साथ-साथ अपना मोबाइल नम्बर, जन्म तिथि और परीक्षा का नाम अवश्य लिखना चाहिए। इन विवरणों के न दिए जाने पर अभ्यर्थी के पत्राचार पर कोई कार्रवाई नहीं की जाएगी।

28.6 प्रवेशपत्र डाउनलोड करने की सुविधा आयोग (मुख्यालय) की वेबसाइट पर परीक्षा से लगभग **2-3 दिन** पहले उपलब्ध होगी। **अभ्यर्थी को प्रवेश पत्र का प्रिंटआउट परीक्षा हॉल में लाना होगा।**

28.7 जिन अभ्यर्थियों ने **आधार आधारित प्रमाणीकरण नहीं कराया है**, उन्हें परीक्षा शुरू होने से **दो (02) घंटे** पहले परीक्षा केंद्र पर रिपोर्ट करना होगा। प्रवेश प्रमाण पत्र के अलावा, कम से कम दो पासपोर्ट आकार के हाल ही के रंगीन फोटो और मूल वैध फोटो पहचान पत्र, जिस पर प्रवेश प्रमाण पत्र पर छपी जन्मतिथि अंकित हो, लाना अनिवार्य है, **ऐसा न करने पर उन्हें प्रवेश की अनुमति नहीं दी जाएगी**, जैसे: -

28.7.1 मतदाता पहचान-पत्र,
28.7.2 ड्राइविंग लाइसेंस,
28.7.3 पैन कार्ड,
28.7.4 पासपोर्ट,
28.7.5 विश्वविद्यालय/कॉलेज/स्कूल द्वारा जारी पहचान-पत्र

28.7.6 नियोक्ता द्वारा जारी पहचान-पत्र (सरकारी/सार्वजनिक उपक्रम)

28.7.7 रक्षा मंत्रालय द्वारा जारी भूतपूर्व सैनिक की सेवा निवृत्ति पंजिका

28.7.8 केंद्रीय/राज्य सरकार द्वारा जारी कोई अन्य फोटो प्रमाण-पत्र

28.8 यदि फोटो पहचान पत्र पर जन्मतिथि अंकित नहीं है, तो अभ्यर्थी को अपनी जन्म-तिथि के साक्ष्य के रूप में एक अतिरिक्त मूल दस्तावेज (जैसे- केवल सीबीएसई/आईसीएसई/राज्य बोर्ड द्वारा जारी मैट्रिक सर्टिफिकेट, अंक-पत्र; जन्म प्रमाण-पत्र, श्रेणी प्रमाण-पत्र) लाना चाहिए। यदि प्रवेश प्रमाण-पत्र में उल्लिखित जन्म तिथि और जन्मतिथि के समर्थन में लाए गए फोटो पहचान पत्र/प्रमाण पत्र मेल नहीं खाते हैं तो अभ्यर्थी को परीक्षा में बैठने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

28.9 अभ्यर्थी परीक्षा में बैठने के लिए प्रवेश प्रमाण पत्र में उल्लिखित कोई अन्य दस्तावेज भी ला सकता है।

28.10 धुंधले हस्ताक्षर वाले आवेदन सरसरी तौर पर निरस्त कर दिए जाएंगे। ऑनलाइन आवेदन मॉड्यूल को ऑनलाइन आवेदन पत्र भरते समय अभ्यर्थी की लाइव तस्वीर लेने के लिए डिज़ाइन किया गया है। अभ्यर्थियों को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि ली गई तस्वीर साफ़ हो, बिना टोपी या चश्मे के हो, और सामने से पूरा दृश्य दिखाई दे। निर्देशों के अनुसार न ली गई तस्वीरों वाले ऑनलाइन आवेदन पत्र अस्वीकार किए जा सकते हैं। किसी भी स्थिति में अभ्यर्थी को अपनी पहले से मौजूद तस्वीर की तस्वीरें नहीं लेनी चाहिए। ऐसे सभी ऑनलाइन आवेदन पत्र जिनमें उनकी पहले से मौजूद तस्वीर की तस्वीर ली गई हो, अस्वीकार कर दिए जाएँगे। हालाँकि, उपरोक्त कारणों से ऑनलाइन आवेदन पत्र की अस्वीकृति उन अभ्यर्थियों पर लागू नहीं होगी जिन्होंने आधार आधारित प्रमाणीकरण करवाया है।

**29. <u>दस्तावेज सत्यापन (डीवी):</u>**

29.1 कंप्यूटर आधारित परीक्षा में अपने निष्पादन के आधार पर शार्टलिस्ट किए गए सभी अभ्यर्थियों और उन अभ्यर्थियों को जो शा.क्ष. और मा.प. (अर्थात दौड़, लंबी / ऊंची कूद औरशारीरिक माप) के सभी आयोजनों में अर्हता प्राप्त करते हैं, उन्हें यथा उल्लिखित **पैरा 29.3** के अनुसार मूल दस्तावेजों और उनकी फोटोकॉपी के साथ दस्तावेज़ सत्यापन के लिए उपस्थित होना होगा ।

29.2 अभ्यर्थियों को दस्तावेज़ सत्यापन के लिए उपस्थित होने के दौरान यथाउल्लिखित **पैरा 28.7** में सूचीबद्ध अनुसार दो पासपोर्ट आकार की हाल की रंगीन फोटो और एक मूल वैध फोटो पहचानपत्र साक्ष्य लाना होगा ।

29.3 अभ्यर्थियों को विभिन्न दस्तावेजों की प्रतियां जमा करनी होंगी जैसे:

29.3.1 मैट्रिक / माध्यमिक प्रमाण पत्र।

29.3.2 आवश्यक शैक्षिक योग्यता प्रमाण पत्र।

29.3.3 यदि कोई अभ्यर्थी किसी विशेष शैक्षिक योग्यता को समकक्ष शैक्षिक योग्यता होने का दावा करता है तो शैक्षिक योग्यता में समकक्ष खंड के संबंध में दावा की गई समकक्ष शैक्षिक योग्यता के संबंध में आदेश / पत्र जिसमें उस प्राधिकारी का अंकन (संख्या और दिनांक सहित) हो जिसके तहत उसे ऐसा माना गया है।

29.3.4 जाति / श्रेणी प्रमाणपत्र, यदि आरक्षित श्रेणियों के अंतर्गत आता है।

29.3.5 दिव्यांग व्यक्ति प्रमाण-पत्र।

29.3.6 यदि लागू हो तो पहाड़ी क्षेत्र से संबधित प्रमाणपत्र **(अनुबंध-ज)**।

29.3.7 भूतपूर्व सैनिकों के लिए (भूपूसै) के लिए:

29.3.8 **अनुबंध-झ** के अनुसार सेवारत रक्षा कर्मी का प्रमाणपत्र / अनापत्ति प्रमाणपत्र, यदि लागू हो।

29.3.9 **अनुबंध- ञ** के अनुसार वचनपत्र ।

29.3.10 कार्यमुक्ति संबंधी प्रमाणपत्र, यदि सशस्त्र सेनाओं से कार्यमुक्त किया गया है।

29.3.11 प्रासंगिक प्रमाणपत्र, यदि आयु में छूट की मांग करता है।

29.3.12 दिल्ली पुलिस कर्मियों / दिल्ली पुलिस के मल्टी-टास्किंग स्टाफ के आश्रितों को जारी किया गया आश्रित प्रमाण पत्र **(अनुबंध-छ)**, यदि लागू हो ।

29.3.13 आरआरयू प्रमाण पत्र।

29.3.14 यदि लागू हो तो, खेल प्रमाणपत्र ।

29.3.15 दिल्ली पुलिस के विभागीय अभ्यर्थियों के संबंधी प्रमाण पत्र (**अनुबंध-ट**), यदि लागू हो।

29.3.16 सरकार / सरकारी उपक्रमों में पहले से नियोजित मामले में अनापत्ति प्रमाण पत्र।

29.3.17 यदि लागू हो, एनसीसी प्रमाणपत्र-ए, बी या सी।

29.3.18 यदि कोई अभ्यर्थी मैट्रिकुलेशन के बाद विवाह या पुनर्विवाह या तलाक आदि के कारण नाम में परिवर्तन करने का दावा करता है तो निम्नलिखित दस्तावेज प्रस्तुत किए जाएंगे:

29.3.19 महिलाओं के विवाह के मामले में: पति के पासपोर्ट की फोटो कॉपी जिसमें पति का नाम दर्शाया गया हो या विवाह रजिस्ट्रार द्वारा जारी विवाह-प्रमाणपत्र की सत्यापित प्रति या पति और पत्नी के संयुक्त फोटो सहित पति व पत्नी द्वारा शपथ आयुक्त के समक्ष विधिवत शपथ ग्रहण संबंधी शपथ पत्र;

29.3.20 महिलाओं के पुनर्विवाह के मामले में: यथा-स्थिति, पहले पति से तलाक संबंधी विलेख/ मृत्यु प्रमाण पत्र; और वर्तमान पति के पासपोर्ट की फोटोकॉपी जिसमें पति का नाम दर्शाया गया हो या विवाह रजिस्ट्रार द्वारा जारी विवाह-प्रमाणपत्र की सत्यापित प्रति या पति और पत्नी के संयुक्त फोटो सहित पति व पत्नी द्वारा शपथ आयुक्त के समक्ष विधिवत शपथ ग्रहण संबंधी शपथ पत्र;

29.3.21 महिलाओं के तलाक के मामले में: तलाक की डिक्री की प्रमाणित प्रति और शपथ आयुक्त के समक्ष विधिवत शपथ ग्रहण संबंधी एक पक्षीय अभिलेख/शपथपत्र;

29.3.22 "विधवा/ तलाकशुदा महिलाओं और न्यायिक रूप से अपने पतियों से अलग महिलाओं के तहत उपलब्ध छूट का प्रमाण।

29.3.23 पुरुष और महिला दोनों के लिए नाम बदलने की अन्य परिस्थितियों में: शपथ आयुक्त के समक्ष विधिवत शपथ ग्रहण संबंधी एक पक्षीय अभिलेख/शपथपत्र और मूल रूप से दो प्रमुख दैनिक समाचारपत्रों की पेपर कटिंग (एक दैनिक समाचारपत्र आवेदक के स्थायी और वर्तमान पते या आसपास के क्षेत्र का होना चाहिए) और राजपत्र अधिसूचना।

29.3.24 पीईएंडएमटी/दस्तावेज सत्यापन के लिए प्रवेश-पत्र में निर्दिष्ट कोई अन्य दस्तावेज।

## 30. चयन का तरीकाः

30.1 भर्ती प्रक्रिया में कंप्यूटर आधारित परीक्षा(सी.बी.ई), शारीरिक दक्षता एवं माप परीक्षण (पीई&एमटी), कंप्यूटर पर टंकण परीक्षा और कंप्यूटर (फोर्मेटिंग) परीक्षा, चरित्र एवं पूर्ववृत्त का पुलिस सत्यापन और अंतिम रूप से चयनित अभ्यर्थियों की चिकित्सा परीक्षा शामिल होगी।

30.2 उन सभी अभ्यर्थियों को जिनका ऑनलाइन आवेदन पत्र सही पाया जाएगा, उन्हे कंप्यूटर आधारित परीक्षा में बैठने के लिए बुलाया जाएगा। आयोग सभी अभ्यर्थियों के लिए परीक्षा का संचालन सिर्फ कंप्यूटर आधारित प्रणाली में करेगा। कंप्यूटर आधारित परीक्षा का प्रवेश-पत्र आयोग की वेबसाईट पर अपलोड किया जाएगा।

30.3 कंप्यूटर आधारित परीक्षा **केवल अंग्रेजी और हिंदी** में आयोजित की जाएगी जाएगी।

30.4 पीई&एमटी अर्हक प्रकृति के होंगे ।

30.5 बेंचमार्क दिव्यांग अभ्यर्थियों सहित पीई&एमटी के सभी प्रतियोगिताओं में अर्हता प्राप्त करने वाले अभ्यर्थियों के लिए दस्तावेज सत्यापन (अर्थात अभ्यर्थियों से अपेक्षित योग्यता प्रमाण-पत्रों/ दस्तावेजों का संग्रह और उनका मूल दस्तावेजों के साथ सत्यापन) का कार्य दिल्ली पुलिस द्वारा पीई&एमटी के समय किया जाएगा।

30.6 परीक्षा के सभी चरणों में अर्हता प्राप्त करने वाले अभ्यर्थियों को अंतिम योग्यता सूची में शामिल करने पर विचार किया जाएगा।

30.7 अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग और आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के अभ्यर्थी जो मानकों में छूट दिए बिना ही अपनी योग्यता से चयनित होते हैं, उन्हें आरक्षित रिक्तियों के प्रति समायोजित नहीं किया जाएगा। ऐसे अभ्यर्थियों को समग्र योग्यता सूची में उनकी स्थिति के अनुसार, पद में, अनारक्षित रिक्तियों के लिए या उनकी श्रेणी के लिए निर्धारित रिक्तियों के लिए, जो भी उनके लिए लाभदायक हो,

समायोजित किया जाएगा। आरक्षित रिक्तियां अलग से अजा, अजजा, अपिव, आकव, भूतपूर्व सैनिक और बे.दि. श्रेणी के पात्र अभ्यर्थियों से भरी जाएंगी ।

30.8 अजा, अजजा, अपिव, आकव, भूतपूर्व सैनिक और बे.दि. श्रेणी के उन अभ्यर्थियों को, जो उनकी अर्हता स्थिति पर ध्यान दिए बिना आयु सीमा, लंबाई एवं छाती की माप, अनुभव या योग्यता, अनुमत्य अवसरों की संख्या, विचार के विस्तारित क्षेत्र (एक्सटेंडिड जोन ऑफ कंसीडरेशन) जो सामान्य श्रेणी के अभ्यर्थियों को प्रदान किए जाने से ज्यादा होती है, जैसे मानकों में छूट के आधार पर अर्हता प्राप्त करते हैं, ऐसे अभ्यर्थियों की गिनती आरक्षित रिक्तियों के लिए की जाएगी न कि अनारक्षित रिक्तियों में। जहां तक भूतपूर्व सैनिक के मामलों का संबंध है, आरक्षित या अनारक्षित पदों के लिए भूतपूर्व सैनिक के आयु से सैनिक सेवा कटौती करने की अनुमति है तथा इस छूट को आयु के संदर्भ में मानकों में छूट माना जाता है। इसी प्रकार बेंचमार्क दिव्यांगजन अभ्यर्थी हेतु ऊपरी आयु सीमा में 10 वर्ष की छूट को, छूट दिए गए मानक के रूप में नहीं माना जाएगा ।

30.9 कोई दिव्यांग व्यक्ति जो अपनी अर्हता के आधार पर चयनित हुआ हो, उसे अनारक्षित रिक्ति के लिए नियुक्त किया जा सकता है बशर्ते कि वह पद प्रासंगिक श्रेणी के दिव्यांग व्यक्तियों के लिए उपयुक्त पाया गया हो।

30.10 परीक्षा में सफलता से नियुक्ति का अधिकार प्राप्त नहीं होता, जब तक कि सरकार यथावश्यक जांच के पश्चात इस बात से संतुष्ट न हो जाए कि वह अभ्यर्थी सेवा/पद की नियुक्ति के लिए सभी पक्षों से उपयुक्त है।

30.11 परीक्षा के लिए आवेदन करने वाले अभ्यर्थियों को यह सुनिश्चित कर लेना चाहिए कि वे इस परीक्षा में प्रवेश के लिए निर्धारित पात्रता की सभी शर्तों को पूरा करते हैं। परीक्षा के सभी चरणों में उनका प्रवेश, पात्रता की निर्धारित शर्तों को पूरा करने के अध्यधीन, पूर्णतया अनंतिम होगा। यदि, सत्यापन के समय, परीक्षा से पहले अथवा बाद में, किसी भी समय, यह पाया जाता है कि वे पात्रता की किसी शर्त को पूरा नहीं करते हैं तो परीक्षा के लिए उनकी अभ्यर्थिता रद्द कर दी जाएगी।

30.12 यदि किसी अभ्यर्थी का अंतिम रूप से चयन हो जाता है और उसे आयोग अथवा संबंधित प्रयोक्ता विभाग से अंतिम परिणाम घोषित होने से एक वर्ष की अवधि के भीतर कोई पत्राचार प्राप्त नहीं होता, तो उसके बाद उसे संबंधित प्रयोक्ता विभाग से तुरंत संपर्क करना चाहिए।

30.13 परीक्षा के लिए आवेदन करने वाले अभ्यर्थियों को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि वे परीक्षा में प्रवेश हेतु सभी पात्रता सबंधी शर्तों को पूरा करते हैं। परीक्षा के सभी चरणों में उनका प्रवेश पूर्णतः अनंतिम होगा बशर्ते वे पात्रता की निर्धारित शर्तों को पूरा करते हों। यदि, सत्यापन के दौरान, कंप्यूटर आधारित परीक्षा, कंप्यूटर पर टंकण परीक्षा और

कंप्यूटर (फोर्मेटिंग) परीक्षा, शारीरिक दक्षता एवं माप परीक्षण (पीई&एमटी), चिकित्सा परीक्षा से पहले या बाद में, किसी भी समय, और साथ ही सेवा में नियुक्ति/प्रतिनियुक्ति पत्र जारी होने के पश्चात, यदि यह पाया जाता है कि वे पात्रता की किसी भी शर्त को पूरा नहीं करते तो हैं, तो दिल्ली पुलिस/आयोग द्वारा उनकी अभ्यर्थिता/चयन को रद्द कर दिया जाएगा।

30.14 सभी चयनित अभ्यर्थियों के मामलों में, जिनके विरुद्ध कोई आपराधिक मामला दर्ज/ जांच लंबित/ न्यायालय में ट्रायल लंबित है, दिल्ली पुलिस द्वारा उनके स्थाई आदेश सं-एचआरडी/12/2025 तथा समय-समय पर संशोधित प्रावधानों को देखते हुए कानून के तहत विचार किया जाएगा। विभागीय चयनित अभ्यर्थियों के मामलों को, जिनके विरुद्ध कोई विभागीय जांच/ प्राथमिक जांच/ आपराधिक मामला/ सतर्कता जांच आदि लंबित है, उनके मामलों के समाप्त होने तक दिल्ली पुलिस द्वारा लंबित रखा जाएगा और उनके मामलों पर समाप्त होने के बाद मेरिट के आधार पर निर्णय दिल्ली पुलिस द्वारा लिया जाएगा।

30.15 कौशल परीक्षा केवल दिल्ली में आयोजित की जाएगी ।

## 31. कदाचार के दोषी पाए गए अभ्यर्थियों के विरुद्ध कार्रवाईः

31.1 परीक्षा प्रक्रिया की सत्यनिष्ठा और निष्पक्षता सुनिश्चित करने हेतु आयोग परीक्षा के पश्चात व्यापक विश्लेषण करता है। इसमें लॉग विश्लेषण, फोटो और बायोमेट्रिक सत्यापन, और सीसीटीवी फुटेज की समीक्षा के माध्यम से विस्तृत जांच शामिल है। परीक्षा के किसी भी चरण के दौरान किसी भी प्रकार के कदाचार या अनुचित साधनों में संलिप्त पाए जाने वाले अभ्यर्थियों पर, आयोग की नीति के अनुसार, कड़ी कार्रवाई की जा सकती है, जिसमें उनकी अभ्यर्थिता रद्द करना और भविष्य की परीक्षाओं से उन्हें वारित करना भी शामिल है।

31.2 यदि अभ्यर्थी परीक्षा के दौरान किसी भी स्तर पर निम्नलिखित में से किसी के लिए भी दोषी पाए जाते हैं तो इस परीक्षा के लिए उनकी अभ्यर्थिता निरस्त कर दी जाएगी और आयोग की परीक्षाओं से उन्हें निम्नलिखित अवधि के लिए वारित कर दिया जाएगा :-

| क्रम सं. | कदाचार का प्रकार | वारित अवधि |
|---|---|---|
| 1 | परीक्षा भवन से परीक्षा संबंधी सामग्री, जैसे- रफ शीट, प्रवेश पत्र की आयोग की प्रति आदि बाहर ले जाना या परीक्षा के आयोजन के दौरान इन्हें किसी अन्य व्यक्ति को देना। | 01-02 वर्ष |

| | | |
|---|---|---|
| 2 | निर्धारित प्रक्रिया पूरी होने से पूर्व परीक्षा स्थल से बाहर जाना । | 01 वर्ष |
| 3 | परीक्षा कार्य में लगे व्यक्तियों अर्थात पर्यवेक्षक, निरीक्षक, सुरक्षा गार्ड अथवा आयोग के किसी प्रतिनिधि आदि के साथ दुर्व्यवहार करना, उन्हें भयभीत करना या डराना-धमकाना। | 02-03 वर्ष |
| 4 | परीक्षा के आयोजन में बाधा पहुंचाना/ अन्य अभ्यर्थियों को परीक्षा न देने के लिए उकसाना | 03 वर्ष |
| 5 | जानबूझकर गलत अथवा झूठे वक्तव्य देना, महत्वपूर्ण तथ्य को छिपाना, जाली दस्तावेज प्रस्तुत करना। | 01-03 वर्ष |
| 6 | अपनी अभ्यर्थिता के संबंध में किसी अन्य अनियमित अथवा अनुचित उपायों का सहारा लेना। | 03 वर्ष |
| 7 | परीक्षा कक्ष में मोबाईल फोन, ब्लूटूथ उपकरण, वायरलेस उपकरण, स्पाइ कैमरा और अन्य इलेक्ट्रॉनिक गैजेट अपने पास रखना | 03-05 वर्ष |
| 8 | नियमों का उल्लंघन करके एक ही परीक्षा में एक से अधिक बार बैठना या परीक्षा देना। | 02-05 वर्ष |
| 9 | कोई अभ्यर्थी जो उसी परीक्षा में परीक्षा संबंधी मामलों को देख रहा हो। | 03 वर्ष |
| 10 | परीक्षा से संबंधित अवसंरचना/उपकरणों को जानबूझकर नुकसान पहुंचाना। | 01-03 वर्ष |
| 11 | जाली प्रवेश-पत्र, पहचान-पत्र आदि के साथ परीक्षा में बेठन या परीक्षा देना। | 03-05 वर्ष |
| 12 | परीक्षा के दौरान आग्नेय शस्त्रों/हथियारों को रखना अथवा आग्नेय शस्त्रों /हथियारों से परीक्षा कार्य में लगे व्यक्तियों को डराना/धमकाना या परीक्षा कार्य में लगे व्यक्तियों जैसे- पर्यवेक्षक, निरीक्षक, सुरक्षा गार्ड अथवा आयोग के किसी प्रतिनिधि आदि पर हमला करना, उन पर बल प्रयोग करना, किसी भी तरीके से उन्हें शारीरिक हानि पहुंचाना। | 07 वर्ष |
| 13 | परीक्षा कक्ष में अनुचित साधनों का प्रयोग करना, जैसे- कागज या शारीरिक अंगों आदि पर लिखित सामग्री जैसे अनधिकृत स्रोतों से नकल करना। | 07 वर्ष |
| 14 | छद्मवेषन/ किसी अन्य व्यक्ति से छद्म-रूप में कार्यसाधन कराना। | 07 वर्ष |
| 15 | स्नेपशॉट लेना, प्रश्नपत्रों या परीक्षा सामग्री, लैब आदि का वीडियो बनाना। | 07 वर्ष |
